


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 07 अगस्त 2024 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-131 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 08 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### मुख्यमंत्री निवास में जनदर्शन 8 अगस्त को

रायपुर,7 अगस्त। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का लोगों से मेल-मुलाकात और उनकी समस्याओं के समाधान का साप्ताहिक कार्यक्रम जनदर्शन 8 अगस्त को होगा. मुख्यमंत्री निवास में आयोजित जनदर्शन में मुख्यमंत्री साय नागरिकों से सीधे संवाद करेंगे एवं उनकी



समस्याओं से संबंधित आवेदन भी लेंगे. उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री निवास में जनदर्शन का आयोजन 27 जून से शुरू हुआ है. पूर्व में आयोजित जनदर्शन में बड़ी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया, और मुख्यमंत्री को अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन भी सौंपे. सभी आवेदनों को मुख्यमंत्री स्वयं देखते हुए उनके शीघ्र निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए. जनदर्शन में दिव्यांगजनों को भी त्वरित सहायता प्रदान की गई. पिछले जनदर्शन में आए सभी नागरिकों को टोकन प्रदान किए गए और उनके आवेदन जनदर्शन के पोर्टल में अपलोड किए गए हैं. इसके इस आवेदनों पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है.

### मोहम्मद यूनुस बने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख

ढाका,7 जुलाई। नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति शहाबुद्दीन के प्रेस सचिव ने मंगलवार देर रात यह जानकारी दी। प्रदर्शनकारी छात्रों ने मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का



नेतृत्व करने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। मीटिंग में आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व करने वाले छात्र नेताओं के साथ-साथ तीनों सेनाओं के प्रमुख भी शामिल हुए। गरीबी से लड़ने में अपने काम के लिए 'गरीबों के बैंकर' के रूप में मशहूर मोहम्मद यूनुस, अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में प्रदर्शनकारी छात्रों की पहली पसंद थे।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर, एक की मौत, दो घायल

राजिम,7 अगस्त। गरियाबंद जिले के राजिम क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई है, वहीं दो लोग घायल हुए हैं। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुट गई है। घटना राजिम थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार राजिम-फिंगेश्वर मार्ग में ग्राम कोमा और किरवई के बीच बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने सामने से टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि राजिम के रहने वाले दुष्यंत पटेल अपने बेटे शौर्य पटेल और भूपेन्द्र पटेल के साथ 4 अगस्त को ससुराल बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम लमकेनी गए थे।

वहां से लौटते समय रात करीब 9.30 बजे ग्राम किरवई और कोमा के बीच सामने से आ रही तेज रफ्तार सेंट्रो कार क्र. सीजी 04 जेए 1032 ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों बाइक से गिर गए। जिसमें दुष्यंत पटेल के सिर पर गंभीर चोट लगी, जबकि शौर्य और भूपेन्द्र के हाथ-पैर में चोट लगी। घटना की सूचना राहगीरों ने पुलिस और एंबुलेंस को दी। जिसके बाद घायलों को संजीवनी 108 के माध्यम से राजिम अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने दुष्यंत पटेल को मृत घोषित कर दिया।

# पीएससी घोटालाः सीबीआई के जाल में फंसी बड़ी मछलियां

## टामन सिंह सोनवानी,राजेन्द्र शुक्ल,अमृत खलको के ठिकानों पर छापा

रायपुर,7 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

सीजीपीएससी भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है. सीबीआई की टीम ने आज तड़के रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग, भिलाई, धमतरी समेत कई शहरों में छापेमारी की है. सीबीआई की इस करवाई से प्रदेश में हड़कंप मच गया है. छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग घोटाला मामले में सीबीआई ने आज सुबह राज्यपाल के पूर्व सचिव आईएएस अमृत खलको, पीएससी के पूर्व चेयरमेन टामन सोनवानी और कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला के निवास समेत कई स्थानों पर दबिश दी है. मिली जानकारी के अनुसार राज्यपाल के पूर्व सचिव आईएस अमृत खलको के भिलाई स्थित तालपुरी कालोनी में सीबीआई की टीम पहुंची. जहां सीबीआई सीजी पीएससी घोटाले में छानबीन कर रही है. पीएससी घोटाले मामले में सीबीआई जांच शुरू होने के बाद राज्यपाल के सचिव पद से अमृत खलको को हटा दिया गया था.खलको के कृष्णा टाकीज के स्थित निवास तथा सेक्टर-2 वाले मकान में भी दबिश दी गई है। खलको के पुत्र व पुत्री का डिप्टी कलेक्टर पद पर चयन हुआ है।

वहीं रायपुर में पीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी के निवास स्वर्णभूमि समेत तीन स्थानों पर सीबीआई ने दबिश दी. सोनवानी कुरुद में सीबीआई के हत्थे चढ़ गए। उनसे पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही बिलासपुर में कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला के यदुनंदन नगर और तिफरा क्षेत्र के नए बस स्टैंड के पास स्थित मकान पर सीबीआई ने छापेमारी की है. राजेंद्र शुक्ला के बेटे स्वर्णिम शुक्ला का चयन आदिमजाति कल्याण विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर पद पर हुआ था. सीबीआई की टीम इन सभी स्थानों में दबिश देकर सीजीपीएससी घोटाले की जांच कर रही है. बताया जा रहा है कि एक कांग्रेस नेता के दामाद व बेटी का चयन पीएससी में होने के मामले में भी दबिश दी गई है। इसके अलावा कांकेर डीआईजी तथा एल कौशिक के ठिकानों पर भी सीबीआई पहुंची है।बता दें कि तत्कालीन अध्यक्ष, अधिकारियों और राजनेताओं के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों को पीएससी 2022 के दौरान जिला कलेक्टरेट और डिप्टी एसपी के रूप में नियुक्त किया गया था. नियुक्त के बाद इसपर धांधली का मामला उठा था. जिसके बाद प्रदेश में बीजेपी की सरकार आने के बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है. जिसके बाद आज सुबह मामले की जांच के लिए सीबीआई की टीम ने कई स्थानों में छापेमारी की है.



### अब सुशासन के दौर में भ्रष्टाचारी होंगे बेनकाबः चौधरी

रायपुर। सीजीपीएससी भर्ती घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग, भिलाई समेत कई शहरों में सीबीआई की छापेमार कार्रवाई चल रही है. इस बीच वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने एक्स पर एक पोस्ट किया है. उन्होंने लिखा है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के पांच साल के शासनकाल में माफियाराज ने पीएससी में भ्रष्टाचार कर युवाओं के भविष्य को दांव पर लगा दिया. अब सुशासन के दौर में भ्रष्टाचारी बेनकाब होंगे. युवाओं के साथ अन्याय नहीं चलेगा, उन्हें न्याय मिलेगा.

### सीबीआई ने इन पर दर्ज की है एफआईआर

जांच एजेंसी सीबीआई ने सीजीपीएससी में गड़बड़ी मामले में जिनपर एफआईआर दर्ज किया है. उसमें तत्कालीन सीजीपीएससी अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी, सचिव जेके ध्रुव और अन्य के खिलाफ कथित भाई-भतीजावाद और अपने अयोग्य बेटों, बेटी, रिश्तेदारों और परिचितों को जिला कलेक्टर, डिप्टी एसपी के बड़े पदों पर भर्ती सुनिश्चित करने के लिए मेरिट सूची में डालने का आरोप है.



# ओलंपिक में कुश्ती के फायनल के लिए विनेश फोगाट अयोग्य घोषित,एक्शन में पीएम मोदी

## IOA अध्यक्ष पीटी उषा से की बात खेल मंत्री संसद में देंगे बयान

नई दिल्ली,7 अगस्त। भारत के स्वर्ण पदक जीतने की संभावनाओं को बड़ा झटका देते हुए विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा कुश्ती फाइनल से अयोग्य घोषित कर दिया गया। 29 वर्षीया को दूसरे दिन प्रतिस्पर्धा के लिए अयोग्य पाया गया क्योंकि फाइनल के दिन वजन के दौरान उनका वजन 150 ग्राम अधिक पाया गया। यह खबर भारत के लिए बड़ा झटका है। इन सब के बीच सूत्रों ने दावा किया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आईओए अध्यक्ष पीटी उषा से बात की और उनसे इस मुद्दे पर भारत के पास मौजूद विकल्पों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी मांगी। सूत्रों ने यह भी दावा किया कि पीएम ने उनसे विनेश के मामले में मदद के लिए सभी विकल्पों का पता लगाने के लिए कहा। उन्होंने पीटी उषा से यह भी आग्रह किया कि अगर इससे विनेश को मदद मिलती है तो वह अपनी अयोग्यता के संबंध में कड़ा विरोध दर्ज कराएं। वहीं, विपक्षी सांसदों ने भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक 2024 से अयोग्य घोषित करने का मुद्दा लोकसभा में उठाया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि केंद्रीय खेल मंत्री आज दोपहर 3 बजे इस मामले पर बयान देंगे। अब पूरे मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट किया है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि विनेश, आप चैंपियनों में चैंपियन हैं! आप भारत का गौरव हैं और प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। आज का झटका दुख देता है। काश शब्द उस निराशा की भावना को व्यक्त कर पाते जो मैं अनुभव कर रहा हूँ। उन्होंने आगे कहा कि साथ ही, मैं जानता हूं कि आप लचीलेपन का प्रतीक हैं। चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है। मजबूत होकर वापस आओ! हम सब आपके पक्ष में हैं। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि विनेश की अब तक की जीत बेहद प्रभावशाली रही है। उसने साहस, क्षमता और जबरदस्त दृढ़ संकल्प दिखाया है। मेरे लिए, उसने हमारा दिल जीत लिया है। मैं उनकी तकनीकी अयोग्यता के बारे में इस खबर से बहुत निराश हूं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि ऐसा कैसे हो सकता है, क्या हमारे कोच सभी अधिकार नियमों और सीमाओं का पालन सुनिश्चित करने के मामले में इच्छुक पाए गए थे। मेरे लिए दुखद बात यह है कि उसके सभी प्रयासों को वह प्रतिफल नहीं मिला जिसकी वह हकदार थी। विनेश का वजन कम करने के लिए उनके कोच और सपोर्ट स्टाफ ने सबकुछ कर लिया, लेकिन वह 100-150 से ओवरवेट आईं और डिस्क्वॉलिफाई हो गईं। विनेश के बाल काटे गए, उनका खून तक निकाला गया, जिससे उनका वजन कुछ कम हो जाए। विनेश को फिलहाल हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि विनेश को डिहाइड्रेशन के चलते हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है।

# कैबिनेट में गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व गठित करने का निर्णय

रायपुर,7 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में कैबिनेट की बैठक हुई. कैबिनेट की बैठक में गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व गठित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है.मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य वन्यजीव बोर्ड की बैठक की अनुशंसा और भारत सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण की सहमति के अनुसार मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर और बलरामपुर जिलों में स्थित गुरूघासीदास राष्ट्रीय उद्यान तथा तमोर पिंगला अभ्यारण्य के क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए 2829.387 वर्ग कि.मी. क्षेत्रफल में गुरूघासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व अधिसूचित करने का निर्णय लिया गया है। इसके गठन की आगे की कार्रवाई के लिए वन एवं



जलवायु परिवर्तन विभाग को अधिकृत किया गया है. टाइगर रिजर्व के गठन से राज्य में ईको-पर्यटन का विकास होगा साथ ही कोर और बफर क्षेत्र में स्थित ग्रामीणों के लिए गाईड, पर्यटक वाहन, रिसार्ट संचालन के साथ ही विभिन्न प्रकार के रोजगार सृजित होंगे. टाइगर रिजर्व में कार्य करने के लिए राष्ट्रीय प्रोजेक्ट टाइगर ऑथोरिटी से अतिरिक्त बजट प्राप्त होगा जिससे क्षेत्र के गांवों में आजीविका विकास के नए-नए कार्य किए जा सकेंगे.

# सनातन को बचाने के लिए एकजुट होना पड़ेगाः योगी

लखनऊ,7 अगस्त। भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में उठापटक का दौड़ लगातार जारी है। वहां शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हो गया है। इसके बाद लगातार हिंसा जारी है। इस हिंसा में कई लोगों की मौत भी हुई है। साथ ही साथ कई जगहों पर हिंदुओं के मंदिरों पर हमला किया गया है। हिंदुओं को निशाना बनाया गया है। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहे हैं। भारत सरकार ने भी इन तमाम मसले को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है। इन सबके बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश मुद्दे को लेकर बड़ा बयान दिया है। हालांकि, अपने बयान में उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया। लेकिन कहीं ना कहीं उनका इशारा बांग्लादेश की परिस्थितियों की ओर था।बांग्लादेश का बिना नाम लिए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हिंदुओं को खोज कर मारा जा रहा है। हमें इतिहास से सीख लेना होगा। एक होकर संकल्प के साथ काम करना होगा। आज अयोध्या वासी को पूरे देश में सम्मान मिल रहा है। सम्मान मिले इसके लिए सम्मान सुरक्षित करना होगा। सनातन धर्म पर आने वाले संकट के लिए फिर से एक जो होकर कार्य करने की आवश्यकता है। मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने आयुक्त सभागार में विकास कार्यों व कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार की जमात-ए-इस्लामी ने की निंदा

ढाका,7 अगस्त। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर सिलसिलेवार हमलों के बीच बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी (बीजेआइ) ने घटनाओं की निंदा करते हुए कहा है कि बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक नाम की कोई चीज नहीं है और प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार हैं। एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए बीजीआई के वर्तमान अमीर शफीकुर रहमान ने स्वीकार किया कि वास्तव में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमले हुए हैं, जिनमें बर्बरता, लूटपाट और आगजनी की घटनाएं शामिल हैं। हमने कई बार उपद्रवियों की इन हरकतों की निंदा की है और अब भी कर रहे हैं. इन परिस्थितियों में, हमने देशवासियों के साथ-साथ अपने संगठन की जनशक्ति से सभी धर्मों के लोगों की संपत्तियों की रक्षा में संरक्षक की भूमिका निभाने का आह्वान किया है। हमारे देश में कोई भी बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक नहीं है। शफीकुर रहमान ने आगे कहा कि बांग्लादेश में पैदा हुआ हर कोई, चाहे उनकी जाति या धर्म कुछ भी हो, देश का नागरिक है और उन्हें समान अधिकार प्राप्त हैं। बीजीआई आमिर ने कहा कि बहुमत या अल्पसंख्यक का सवाल अमान्य है। उन्होंने नागरिकों से उपद्रवियों और उनके कुकर्मों का विरोध करने को कहा और कहा कि पार्टी प्रशासन को पूरा सहयोग देने के लिए तैयार है। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों के लिए कोटा प्रणाली के खिलाफ बड़े पैमाने पर छात्रों का विरोध प्रदर्शन, जिसके कारण 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई.

# जान को खतरे में डालकर दोपहिया सवार पार कर रहे एनीकट

राजिम,7 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

गरियाबंद जिले व धमतरी जिले के बीच कोपरा-डुमरपाली के बीच पैरी नदी में बने एनीकट में इन दिनों एनीकट के एक फिट ऊपर पानी चल रहा हैं। जिसे आने जाने वाले लोग दोपहिया वाहन में अपनी जान को जोखिम में डालकर पार कर रहे हैं। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकता हैं। प्रशासन द्वारा इस तरह की अनहोनी घटना को रोकने कोई ठोस प्रयास नही किया गया हैं। जबकि कायदे से जल संसाधन विभाग को बकायदा बारिश शुरू होते ही एनीकट के दोनों छोर में राहगीरों को एनीकट के ऊपर पानी चलने पर संकेत देने के लिए संकेतक बोर्ड लगाना चाहिए था, जिससे राहगीर एनीकट के ऊपर पानी चलने की स्थिति में एनीकट को पार न करें। वही, जब नदी में जब पानी बढ़ता हैं, तो पुलिस प्रशासन द्वारा भी एनीकट क्षेत्र में गस्त किया जाना चाहिए। लेकिन



प्रशासन द्वारा इस तरह का कोई इंतजाम नहीं किया गया हैं। इससे साफ प्रतीत होता हैं कि प्रशासन को किसी बड़ी घटना का इंतजार हैं। एनीकट के सभी गेट बंद, इसलिए ऊपर से चल रहा पानी- नगर के कुछ लोगो ने बताया कि एनीकट में जितने भी गेट लगे हुए हैं, वे सभी बंद होने के कारण नदी का पानी एनीकट के ऊपर चल रहा हैं। अगर एनीकट के सभी गेट को खोल दिया जाए तो नदी का पानी गेट से निकलने के कारण एनीकट के ऊपर नही चलेगा। जिससे राहगीरों को जान जोखिम का कोई खतरा भी नही होगा। कुछ लोगों ने यह भी बताया कि एनीकट के गेट गर्मी के मौसम में खुला हुआ रहता हैं, जबकि गर्मी के मौसम में एनीकट में पानी को रोकना चाहिए, जिससे क्षेत्र का वाटर लेवल कम न हो। वही, संबंधित विभाग द्वारा बारिश का मौसम आते ही एनीकट के सभी गेट को बंद कर देते हैं, जिससे नदी में पानी बढ़ने के कारण पानी एनीकट के उर बहता हैं, जिससे इस एनीकट मार्ग से आने जाने वाले लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता हैं। इस संबंध में जल संसाधन विभाग के एसडीओ महेश पंडोरिया ने बताया कि एनीकट धमतरी जिले के मगरलोड क्षेत्र के अंतर्गत आता हैं। वहां के एसडीओ को बोलकर संकेतक बोर्ड लगाने व बंद गेट को खोलने कह देता हैं।

## एथलेटिक्स में 100 मी. दौड़ के इवेंट में पदक जीतने की मारामारी

jasclaudius@gmail.com

# और कितनी तेज होती जायेगी इंसान की रफ्तार

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जिंदगी के हर क्षेत्र में संघर्ष लगातार कड़ा होता जा रहा है। विज्ञान, कला, शिक्षा, शोध आदि में मानव जीवन आधुनिकता के साथ- साथ तेजी से एक दूसरे की सफलता को पीछे छोड़ते जा रहा है। खेल के क्षेत्र में यह विशेष रूप से घटित हो रहा है। एथलेटिक्स खेल में पुरुष, महिला तथा मिश्रित वर्ग मिलाकर कुल 48 इवेंट होते हैं। इनमें पुरुषों के लिए 23 इवेंट में से सबसे लोकप्रिय,रोमांचक तथा आकर्षक 100 मीटर दौड़ है।1896 से जब से आधुनिक ओलंपिक खेलों की शुरूवात हुई तब से सिर्फ 1900-1904 को छोड़ दें तो बाकी संपन्न समस्त ओलंपिक खेलों में 100 मीटर दौड़ शामिल रहा है। 1896 से 2024 तक के 128 वर्षों के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के पुरुष वर्ग के 100 मी. इवेंट का आकलन किया इससे पता चला कि 1896 में संयुक्त राज्य अमेरिका के फ्रांसिस लेन ने एक हिट में 12.2 सेकंड का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला जबकि 2024 पेरिस में इस दौड़ के विजेता संयुक्त राज्य अमेरिका के नूह लायल्स ने इस दूरी को सिर्फ 9.79 सेकंड में पूरी करके जीत हासिल की। इस प्रकार 128 वर्षों में 100 मीटर की दूरी को पार करने में 12.2 सेकंड से 09.63 सेकंड का समय निकाला गया है। क्योंकि 100 मीटर दौड़ का ओलंपिक व विश्व रिकार्ड जमैका के महान एथलीट उसैन बोल्ट के नाम दर्ज है जिन्होंने यह दूरी सिर्फ 09.63 सेकंड में लंदन ओलंपिक 2012 में पूरा किया।अर्थात 128 वर्षों में 02.57 सेकंड की कमी आई है। इससे साफ होता है कि मनुष्य खेल के मुकाबले को जीतने के लिए किस तरह कठिन तपस्या कर रहा है। 1896 से लेकर सिलसिलेवार इस दौड़ में जीतने वालों का समय इस प्रकार रहा है। 1900 में अमेरिका के आर्थर डूफने 11.4 सेकंड, 1908 में अमेरिका के ही जेम्स रेक्टर ने 10.8 सेकंड में जीता। यह विश्व कीर्तिमान घोषित किया गया था। 1912 में ग्रेट ब्रिटेन के डेविड जेकब्सने 10.06 सेकंड,1932 में वर्ल्ड रिकार्ड के साथ 10.3 सेकंड में अमेरिका के इडीन टोलेन ने 1960 में पश्चिम जर्मनी के आर्मिन हेरी ने 10.2 सेकंड में जीता। 1964 में विश्व कीर्तिमान 10.0 सेकंड के साथ अमेरिका के बान हेंस ने जीता। फिर 1968 से 100 मीटर के दौड़ में एक नये युग का आरंभ हुआ जब अमेरिका के जिमहिंस ने दुनिया में सबसे पहली बार इस दौड़ को 10 सेकंड से कम अर्थात 09.9 सेकंड में विश्व कीर्तिमान



के साथ अपने नाम किया। सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इसके पश्चात ओलंपिक या विश्व चैंपियनशिप विजेता ने 100 मीटर दौड़ को हमेशा 10 सेकंड के कम समय में जीता। 1988 में अमेरिका के कार्ल लेविस ने नये विश्व रिकार्ड के साथ इस दौड़ को 09.92 सेकंड में दौड़कर पूरा किया। वस्तुतः इस संघर्ष में एक शर्मनाक घटना हुई जबकि 100 मी. की दौड़ को 1988 सियोल ओलंपिक में वेन जानसन ने सिर्फ 09.79 सेकंड में पार कर लिया था लेकिन जानसन दौड़ के पश्चात जांच पर प्रतिबंधित दवा लेने के दोषी पाये गये और उन्हें अयोग्य तथा उनके दौड़ के समय 09.79 सेकंड को खारिज किया गया और कार्ल लेविस के 09.92 सेकंड की अवधि को स्वीकारा गया। इसके बाद ओलंपिक खेलों में 100 मीटर दौड़ के कीर्तिमान का टूटना जारी रहा। इस क्रम में 1996 में कनाडा के धावक डोनोवन बेली ने विश्व कीर्तिमान दर्ज करते हुए 09.84 सेकंड में, 2008 में जमैका के महान धावक उसेन बोल्ट ने 09.69 सेकंड में जबकि उसेन बोल्ट ने ही 2012 लंदन ओलंपिक में 09.63 सेकंड का समय निकालकर न सिर्फ ओलंपिक खेलों के 100 मी. का स्वर्ण जीता बल्कि विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जो आज भी कायम है। उपरोक्त आंकड़ों से हम स्पष्ट रूप से कह सकते हैं कि इन दिनों खेलकूद मनुष्य जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आया है। एक समय था 1896 से 1968 तक 100 मी. पुरुषों के वर्ग में अंतिम दौर में पहुंचने वाले धावक में से कोई भी 10 सेकंड से कम समय में इस दूरी को पार करने वाला नहीं होता था लेकिन स्वर्ण पदक पर कब्जा करने की चाहत ने 2024 के पेरिस ओलंपिक में यह स्थिति ला दिया 100 मी दौड़ के अंतिम आठ में भाग लेने वाले प्रत्येक धावक का कीर्तिमान 10 सेकंड से कम रहा। उनके नाम देश और 100 मी. दौड़ को पूरी करने का समय दर्ज है। निशाने थाम्सन, जमैक 09.80.आब्लिक सेविने, जमैका 09.81,नूह लायन्स-अमेरिका 09.83, फ्रेड केरेली अमेरिका 09.84.अकानी सिंबिने दक्षिण अफ्रीका 0987,लेस्ली टेबोगो, बोत्सवाना 09.91, लामोंट जेकब्स, इटली,09.82, केनथ बेडनरेक- अमेरिका 09.93 इस प्रकार उपरोक्त सभी धावक 10 सेकंड से कम समय लेकर 100 मीटर की दौड़ चुके थे। अतः पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के 100 मीटर इवेंट में यह एक अद्भुत रिकार्ड बना जो आज तक किसी ओलंपिक खेलों में नहीं हुआ था। आज सोचने विचारने की बात है कि खेलकूद में किस तरह दूसरे देश के एथलीट जी जान लगाकर खेल रहे हैं और भारत में खेलकूद की स्थिति क्या है यह सोचने लायक बात है।

# पशु तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन शंखनाद

## 37 गौ वंश,9 वाहन जब्त, 10 तस्कर गिरफ्तार

जशपुर,7 अगस्त। एसपी जशपुर एवं लगभग 125 अधि./कर्मचारियों द्वारा पशु तस्करी के लिये कुख्यात सीमावर्ती ग्राम साईंटांगरटोली में वृहद स्तर पर ऑपरेशन शंखनाद चलाकर धावा बोला गया,जशपुर पुलिस द्वारा पशु



तस्करों के ठिकानों पर दबिश देकर कुल 10 तस्कर गिरफ्तार किये एवं 37 गौ-वंश को मुक्त कराया गया,दबिश के दौरान आरोपीगणों से गौ-तस्करी में प्रयुक्त 09 पीकअप वाहन, 04 कार, 05 मोटर सायकल जप्त किया गया,पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान ड्रोन से निगरानी की गई थी,गिरफ्तार हुये आरोपियों के विरूद्ध अनेकों न्यायालय से स्थाई वारंट जारी किया गया था, गौ-तस्करी में जप्त वाहनों को राजसात की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी के नेतृत्व में लगभग 125 अधि./कर्मचारियों द्वारा विभिन्न 05 टीम बनाकर बलवा ड्रील, अश्रु गैस सामग्री के लैस होकर आज प्रातः 04:00 बजे जशपुर-झारखंड प्रांत के सीमावर्ती ग्राम साईंटांगरटोली में वृहद स्तर पर ऑपरेशन शंखनाद चलाते हुये गौ-तस्करों के ठिकानों पर एक साथ चारों तरफ से घेराबंदी कर दबिश दी गई। पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान ड्रोन से निगरानी की गई थी।

## एक नजर

### मैनेजर पर जानलेवा हमला

**भिलाई, 7 अगस्त।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र आकाश गंगा स्थित प्रीमियम शराब दुकान के मैनेजर पर तीन युवकों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है रिपोर्ट पर सुपेला पुलिस मामले की जांच कर रही है सुपेला थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि उमेश कुमार आकाशगंगा सुपेला स्थित प्रीमियम शराब दुकान का मैनेजर है वह कृष्णा नगर में रहता है उसने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 अगस्त की रात 10 बजे दुकान बंद कर उसने कैश मिलान किया उसके बाद देर रात करीब एक बजे अपनी बाइक से घर जाने के लिए निकला था। जैसे ही वह गणेश मार्केट के पहुंचा तीन लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया गाड़ी रोकते ही उन लोगों ने उससे गाली गलौज शुरू कर दी जब उमेश ने उनका विरोध किया तो उन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद एक लड़के ने चाकू निकालकर उसके पेट में चाकू से वार कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से भाग गए इसके बाद उमेश ने फोन कर अपने साथी को घटना की जानकारी दी फिर डाल 112 में फोन किया और उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया सुपेला थाने पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### एसपी ने साप्ताहिक निरीक्षण किया

**भिलाई, 7 अगस्त।** भिलाई दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला कानून व्यवस्था को लेकर साप्ताहिक निरीक्षण करने छावनी थाना पहुंचे। उन्होंने पेडिंग अपराध, मर्ग, गुमइंसान और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने चौकस होकर काम करने की बात कही। दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला मंगलवार की दोपहर छावनी थाने का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी चेतन चन्द्राकर से अपराध और अपराधियों पर की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। एसपी ने अपराध रजिस्टर एवं अभिलेखों का रखरखाव देखा, इसके अलावा गश्त बढ़ाने व गुंडे-बदमाशों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं थाना के निरीक्षण के दौरान एसपी जितेंद्र शुक्ला ने सबसे पहले थाना में रजिस्टर जांचा, इसके बाद थाना प्रभारी से दर्ज मामले व उनमें की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली उन्होंने अपराध संबंधी अन्य अभिलेख आदि जांचने के साथ ही सभी कागजात पूर्ण व व्यवस्थित रखने का निर्देश दिए इसके बाद एसपी ने थाना परिसर स्थित कम्प्यूटर कक्ष, हवालात आदि का निरीक्षण कर थाने की व्यवस्था पर संतुष्ट जाहिर किया। इस दौरान छावनी सीएसपी हरीश पाटिल और छावनी थाना स्टॉफ उपस्थित था पिछले मंगलवार को एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने वैशाली नगर थाने का निरीक्षण किया। एसपी ने अपराध निकाल, पेडिंग अपराध, मर्ग सहित गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए थे इस मौके पर शहर एएसपी सुखनंदन राठौर, भिलाईनगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा व थाने का स्टॉफ मौजूद रहा ।

### सड़क हादसे में छात्रा की मौत



**भिलाई, 7 अगस्त।** भिलाई कुम्हारी थाना अंतर्गत नेशनल हाइवे में ट्रक की चपेट में आने से बीएसपी की छात्रा की मौके पर मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे उसके दोस्त को भी चोट आई है। जिसका कुम्हारी के एपेक्स हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में 106(1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है कुम्हारी टीआई जयराम कुर्रे ने बताया कि बालोद जिले के हाथी गोर्रा गांव की रहने वाली मधु भुआर्य (18 वर्ष) साइंस कॉलेज दुर्ग में बीएससी फर्स्ट ईयर में पढ़ रही थी और वर्तमान में शासकीय पोस्ट मेट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही थी मधु सोमवार को अपने परिजनों से बात की कि वह कॉलेज पढ़ाई करने जा रही है उसके बाद वह अपने साथी बालोद निवासी दुर्गेश ध्रुव की बाइक में बैठकर रायपुर चली गई वहां दोनों दोपहर से शाम तक घूमे और फिर शाम को दुर्गेश उसे छोड़ने के लिए दुर्ग आ रहा था और जैसे ही कुम्हारी फ्लाईओवर ब्रिज को क्रॉस किया आगे जा रहे ट्रक के डाला से टकरा गया इसमें मधु के सिर और अन्य जगह में गहरी चोट आई वहीं दुर्गेश के पैर और कंधे में चोट आई है। कुम्हारी पुलिस ने दोनों को पास के अपेक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया वहां डॉक्टरों ने मधु को मृत घोषित कर दिया वहीं दुर्गेश का इलाज जारी है। मंगलवार 6 अगस्त को मधु के शव को पीएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला स्थित मरच्युरी लाया गया पीएम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है कुम्हारी टीआई ने बताया कि बालोद के रहने वाले दुर्गेश और मधु की दोस्ती इंस्टाग्राम से हुई थी। धीरे धीरे दोनों की दोस्ती हो गई इसके बाद दुर्गेश सोमवार 5 अगस्त को मधु से मिलने के लिए पहुंचा था वहां से दोनों ने घूमने जाने का प्लान बनाया और फिर रायपुर चले गए थे।

### बीएसपी के सहयोग से मुस्कान विद्यालय का जीर्णोद्धार प्रारंभ



**भिलाई, 6 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में मुस्कान विद्यालय सेक्टर-2 के जीर्णोद्धार कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं दुर्ग के सदस्य, महाप्रबंधक शिवराजन, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े, उप प्रबंधक कमलकांत वर्मा, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण मौजूद थे।

### आरएमपी-3 को ग्रेट प्लेस टू वर्क बनाए प्रबंधन

**भिलाई, 6 अगस्त।** बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने आरएमपी 3 के महाप्रबंधक प्रभारी को पत्र लिखकर विभाग में स्थानीय सुविधाओं में सुधार करने का माँग किया है । अपने पत्र में यूनियन ने माँग किया है कि सेल को एक निजी संस्था द्वारा ग्रेट प्लेस ऑफ वर्क की उपाधि से विभुषित किया गया है ।

# पालकों की सहभागिता विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण :हर्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**उतई, 7 अगस्त।** राज्य शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश के साथ संकुल स्तरीय मेगा शिक्षक पालक बैठक का आयोजन संकुल केन्द्र झीट में हुआ। जिलाधीश के निर्देशानुसार पालकों के साथ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति हेतु संकुल स्तर पर किया गया अपेक्षित प्रयास का परिणाम झीट में पालकों और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता विशेष रूप से देखने को मिला। बैठक की उद्देश्य पर श्रीमती भारती दुबे संकुल प्राचार्य ने प्रकाश डालते हुए बैठक में उपस्थित समस्त पालक व जनप्रतिनिधियों का हृदय से स्वागत किया। *शिक्षक पालक बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हर्षा लोकमणी चन्द्राकर ने कहा कि पालकों की सहभागिता अनिवार्य रूप से सुनिश्चत होना चाहिए ताकि एक बेहतर समाज के साथ एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण की संकल्पना पूरा हो सकें। उन्होंने कहा कि पालकों के विद्यालय के प्रति सक्रियता उनके विशेष सहयोग, शिक्षक -पालक के मध्य रिश्ता को मजबूत तो करता ही है,साथ ही बच्चों की सर्वांगीण विकास में विशेष योगदान देकर एक बेहतर नागरिक निर्माण को एक निश्चित आकार भी देता है। शासन के मंशानुसार कार्यक्रम हेतु तैयार रूप रेखा और इसका मैदानी स्तर पर बेहतर कार्यान्वयन, बेहतर भविष्य व मजबूत राष्ट्र को स्पष्ट करता है मेगा बैठक के रुप रेखा के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए संकुल समन्वयक सुशील कुमार सूर्यवंशी ने पालकों के बीच निर्धारित 12 बिंदु पर विस्तार से चर्चा कर उन सभी बिंदुओं पर विशेष पहल करने पालकों से आग्रह किया। साथ ही ई जादुई पिटारा एप को लगभग 50 पालकों से व्हाट्सएप पर डाउनलोड कराकर उसका उपयोग स्वयं व बच्चों को करने देने हेतु निवेदन किया। मेगा शिक्षक पालक बैठक में शामिल चिकित्सक डॉ विजेता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट ने बच्चों की स्वास्थ्य गत महत्वपूर्ण जानकारियों को पालकों के बीच साझा किया । शिक्षा विद अधिकारी के रूप में जिला से उपस्थित श्री विवेक शर्मा एपीसी समग्र शिक्षा जिला दुर्ग ने पालकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों के समुचित विकास के लिए आपका सजगता मील के पत्थर साबित हो सकता इसलिए विद्यालय से आपका सतत् जुड़ाव महत्वपूर्ण है पर विस्तार से चर्चा किया। संकुल स्तरीय मेगा शिक्षक पालक बैठक में चार ग्राम पंचायत क्रमशः झीट, कापसी, महुदा,उफरा एवं कोपेडीह के पालक, सरपंच श्रीमती शशिकला सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता भुवनलाल सर्वे, पूर्व सरपंच धर्मेंद्र कौशिक, कामता पटेल, पवन ठाकुर, युवा नेता रूपेंद्र राजू साहू, रमेश कौशिक, राधेलाल साहू, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य ,स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ कुल 187 पालक महिला एवं पुरुष शामिल हुए। बैठक में संकुल अंतर्गत पांच प्राथमिक व 02 उच्च प्राथमिक के साथ 01 हायर सेकंडरी से कुल 32 शिक्षक उपस्थित रहे। मेगा शिक्षक पालक बैठक में जिला आब्जर्वर श्रुति अग्रवाल उप पंजीयक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूजा सिन्हा व्याख्याता ने किया एवं आभार व्यक्त संकुल समन्वयक सुशील कुमार सूर्यवंशी ने किया। कार्यक्रम समापन के बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत जनप्रतिनिधि एवं शिक्षाविद व अधिकारियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया।

# पिपरिया पुलिस की गुंडा-बदमाशों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 7 अगस्त।** प्रार्थीयां साकिन गांगपुर थाना पिपरिया जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा दिनांक-05.08.24 के शाम करीबन 07ऱ30 बजे इसके पडोस के रहने वाले गुण्डा बदमाश सागर साहू के द्वारा प्रार्थीयां के बेईज्जत करने के नियत से उसकी हांथ बांह पकडकर कर इसकी साडी को खींचने से घर वालो को चिल्लाने से सागर साहू के द्वारा मां बहन की गंदी गंदी गाली-गलौच देकर जान से मारने की धमकी देने लगा तथा आज दिनांक 06.08.24 को इसके पति व परिवार के लोगो के द्वारा सागर साहू को समझाने जाने पर सागर साहू द्वारा धारदार गन्ना काटनें का फरसा लेकर मारने दौडाने से रिपोर्ट आज दिनांक 06.08-24 को करवाये जिस सूचना से वरिष्ठ अधिकारी को आवगत कराया द्य श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय कबीरधाम अभिषेक पल्लव सर द्वारा विवेचना में आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, पुष्पेन्द्र बघेल एवं अनुविभागीय अधिकारी प्रतीक चतुर्वेदी द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त कर आरोपी सागर साहू के विरूद्ध अपराध क्र.-267/24 धारा- 296, 351(2), 333, 74, 76 ब्हृ, 25, 27 आर्म्स एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपी का पता तलास कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर पुछताछ कियें जानें पर आरोपी द्वारा अपराध करना स्वीकार करनें पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया द्य उक्त आरोपी सागर साहू पिता नरेश साहु थाना पिपरिया का गुण्डा बदमाश है जिसके विरूद्ध थाना पिपरिया में अपराध क्र.-209/17 धारा 379 भादवि अप.क्र.-252/20 धारा-294,323,506,34 भादवि, अप.क्र.-404/20 धारा-294,323,506 भादवि, अप.क्र.-65/21 धारा- 294,427,506, 323,34 भादवि, अप.क्र.-01/23 धारा-294,506,458 भादवि, अप.क्र.-135/22 धारा-363,366,376, 2 ढ भादवि 4,6 पाक्सों एक्ट, अप.क्र.-101/24 धारा 294,323,506 भादवि, अप.क्र.-139/24 धारा 294,506 भादवि, इस्तगासा क्र.-109/19 धारा-107,116 (3) जा.फौ., इस्तागासा क्र.- 350/21 धारा-107,116 (3) जा.फौ., इस्तागासा क्र.-02/21 धारा-110 जा.फौ., इस्तागासा क्र.-14/23 धारा-110 जा.फौ., इस्तागासा क्र.-15/24 धारा 151 जा.फौ., इस्तगासा क्र.-155/24 धारा 107,116 जा.फौ. पंजीबद्ध होना पाया गया है।




### बागेश्वर बाबा पूजन समारोह में डॉ अजय गुप्ता का सम्मान

**भिलाई, 6 अगस्त ।** कसौधन वैश्य गुप्ता समाज द्वारा पंचवटी भवन नदी रोड दुर्ग में 5 अगस्त सावन सोमवार को आयोजित बागेश्वर बाबा (शंकर भगवान) के पूजन महोत्सव व सामाजिक मिलन समारोह व निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था । इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ अजय गुप्ता का सम्मान स्मृति चिन्ह दे कर किया गया । डॉ गुप्ता विगत 34 वर्षों से अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं । उनकी 16 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जो की डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट डी आर अजय गुप्ता डॉट कॉम में निःशुल्क उपलब्ध है । इस वेबसाइट पर अब तक 1 लाख 90 हज़ार लोग विजिट कर चुके हैं।




### 81 ग्रामीणों ने उठाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ

**भिलाई, 6 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में ग्राम पीपरछेडी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम के सरपंच बालमुकुंद ठाकुर, सचिव प्रताप, सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ एम सरस्वती, बीपी, शुगर एवं रक्त जांच हेतु श्रीमती रेखा देव, फार्मासिस्ट श्रीमती सुशन जैकब, पंजीयन हेतु शम्भू दयाल तथा सीएसआर विभाग से आशुतोष सोनी उपस्थित थे।

### खारुन से शिवनाथ के संगम स्वरूप कावड़ यात्रा 11 को

**भिलाई, 6 अगस्त ।** शिवनाथ कावड़ यात्रा समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ की आराधना के पवित्र पर्व सावन मास में सर्व कल्याणार्थ खारुन से शिवनाथ के संगम स्वरूप कावड़ यात्रा रविवार 11 अगस्त को सुबह 6 बजे कुम्हारी टोल नाका खारुन नदी से जल लेकर 33 किलोमीटर की कावड़ यात्रा प्रारंभ होगी और यात्रा अपने गंतव्य शिव मंदिर महमरा एनीकेट (मुक्तिधाम) शिवनाथ नदी दुर्ग में कावड़ यात्रा का समारोप होगा जहां संध्या 7 बजे जला अभिषेक पूजा, गंगा मइया की भव्य आरती आयोजित की गई है। शिवनाथ कावड़ यात्रा समिति के उपकार चंद्राकर ने भक्तजनो से आग्रह किया है इस कावड़ यात्रा में शामिल होकर पुण्य के सहभागी बने।

# दीक्षारंभ समारोह नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 7 अगस्त।** उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से परिचित कराने हेतु दीक्षारंभ समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण के माननीय विधायक श्री ललित चंद्राकर जी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में फत्ते लाल वर्मा, सोनू राजपूत, सरपंच दिलीप साहू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. नीरजा रानी पाठक ने की।कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने तिलक लगाकर विद्यार्थियों का स्वागत किया। प्रोफेसर एन एस इक्का ने विद्यार्थियों को पी.पी.टी. के माध्यम से महाविद्यालय की समितियों एवं विविध कार्यक्रमों से परिचित कराया।एन.ई.पी. प्रभारी डॉ. अंबरीश त्रिपाठी ने पावर पॉइंट के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी प्रावधानों को विस्तार पूर्वक समझाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री ललित चंद्राकर जी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विकसित भारत बनाने की दिशा में एक बहुत महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने भारत के प्राचीन गौरवशाली इतिहास को बताते हुए नालंदा विश्वविद्यालय के साथ ही चली आ रही गुरुकुल परंपरा की उन्नत कोटि की शिक्षा व्यवस्था का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि बाद में आक्रमणकारियों ने न केवल भारत की आर्थिक समृद्धि, संपन्न सांस्कृतिक विरासत को क्षति पहुंचाई अपितु हमारे गौरवशाली शिक्षा परंपरा को भी नष्ट कर दिया। 2020 में बनी इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने हमारे नौनिहालों को उनके सपनों की उड़ान हेतु मजबूत पर दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. नीरजा रानी पाठक ने बताया की राष्ट्रीय शिक्षा नीति को 21वीं सदी के परिवेश के अनुकूल रखते हुए शिक्षा में कौशल विकास एवं मूल्य संवर्धन हेतु जरूरी पक्षों का भी समुचित समायोजन किया गया है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो विकास कुमार ने किया। डॉ.संगीता मैहुरिया ने आभार ज्ञापन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक गण डॉ. कल्याणी, डॉ. नीलम, सुश्री वर्षा वर्मा, जागृति चंद्राकर एवं श्री मुकेश सिन्हा सहित उपसरपंच गजेंद्र साहू,प्रवीण यदु,सीताराम यादव,फलेंद्र सिंह राजपूत,नवाब खान,दयालु राम यादव,करण सेन,पूनमचंद सपहा, शुभम वर्मा,मंथराम यादव,बलराम निर्मलकर,जसलोक साहू,इमरान खान,भूपेंद्र यादव,देवा यादव,आदि गणमान्य जन प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं पालक गण उपस्थित रहे।

# ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने सड़कों के संधारण के लिए ज्ञापन सौंपा



**भिलाई, 6 अगस्त।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू ने ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज की सड़कों की जर्जर अवस्था पर चिंता प्रकट करते हुए शासन-प्रशासन से इसके शीघ्र संधारण की मांग की है। उन्होंने जिलाधीश के संज्ञान में इस मामले को लाकर इस मामले में संबंधित विभाग को निर्देश देने के अनुरोध किया है। पिछले दिनों एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से मिलकर औद्योगिक क्षेत्र भिलाई एवं हथखोज ट्रांसपोर्ट नगर की सड़कों की दुर्दशा से अवगत कराते हुए हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन भी सौंपा। एसोसिएशन ने औद्योगिक क्षेत्र भिलाई और औद्योगिक क्षेत्र हथखोज को जोड़ने वाली तांदुला नहर पर बनी एक मात्र पुलिया का संधारण तथा तिरंगा चौक छावनी से नहर पुलिया तक सड़क का पुनर्निर्माण करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि औद्योगिक क्षेत्र छावनी भिलाई और हैवी इंडस्ट्रियल एरिया व इंजीनियरिंग पार्क हथखोज आवागमन हेतु मुख्य सड़क के बीच एक मात्र तांदुला नहर पर बनी पुरानी पुलिया है । इस पुलिया से ही ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज जुड़ा हुआ है। सैकड़ों उद्योगों के माल परिवहन हेतु भारी वाहन भी इस मार्ग से आवागमन करते हैं । डीएम को स्थिति से अवगत कराते हुए इन्द्रजीत सिंह छोटू ने बताया कि वर्तमान में दोनों औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने वाली तथा आम जनता के आवागमन वाला मार्ग तथा नहर पर बना पुल काफी जर्जर हो चुका है। आये दिन जर्जर पुल और जर्जर सड़क पर भारी वाहन फंस जाते हैं, इसलिए आवागमन अवरुद्ध हो जाता है तथा इस मार्ग से आवागमन करने वाले नागरिकों और कारखानों में काम करने वाले हजारों मजदूरों को काफी परेशानी होती है और आये दिन दुर्घटना हो रही है। एसोसिएशन ने जिलाधीश से निवेदन किया है कि प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में इस मार्ग और पुलिया से गुजरने वाले भारी मालवाहक वाहनों और हजारो नागरिकों तथा मजदूरों को राहत देने और औद्योगिक क्षेत्र में आवागमन की उचित सुविधा के लिए तिरंगा चौक छावनी से नहर पुलिया तक सड़क के पुनर्निर्माण तथा नहर पुलिया के सुधार हेतु नगर निगम भिलाई एवं सीएसआईडीसी के सक्षम अधिकारियों को निर्देश देकर अतिशीघ्र महत्वपूर्ण पुलिया का संधारण एवं तिरंगा चौक छावनी से तांदुला नहर पुलिया तक सड़क निर्माण कराने की कृपा करें। एसोसिएशन ने कलेक्टर को बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में इस मार्ग और पुलिया से गुजरने वाले भारी माल वाहक वाहनों और हजारों नागरिकों तथा मजदूरों को राहत देने और औद्योगिक क्षेत्र में आवागमन की उचित सुविधा के लिए तिरंगा चौक छावनी से नहर पुलिया तक सड़क के पुनर्निर्माण तथा नहर पुलिया के संधारण हेतु नगर निगम भिलाई एवं सक्षम अधिकारियों को निर्देश देकर अतिशीघ्र महत्वपूर्ण पुलिया का संधारण एवं तिरंगा चौक छावनी से तांदुला नहर पुलिया तक सड़क निर्माण कराने की कृपा करे। ज्ञापन देने वालों में इंद्रजीत सिंह छोटू के साथ मलकीत सिंह लल्लू, अनिल चौधरी, प्रभुनाथ मिश्रा, अनिल सिंह, सुधीर सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह पप्पी, दिलीप खटवानी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### मन पर नजर रख बुद्धि को एकाग्र करना ही राजयोग: पुष्पा दीदी

**भिलाई, 6 अगस्त ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में नई दिल्ली करोल बाग स्थित पांडव भवन की निदेशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने अपने भिलाई प्रवास के आगमन पर उपस्थित ब्रह्मावत्स को कहा की देवताओं के लिए गायन है सर्व गुण संपन्न, वैसे ही हमें हमारे जीवन में एक-एक गुण को धारण करना है। बुद्धि का योग एक परमात्मा से रहे दुनिया से तोड़ निभाते हुए भी हमें दुनिया से उपराम रहना है। शांति का गुण सभी को अच्छा लगता है,अशांति रूपी अवगुण का नही । चेक करना है कि हमारी बुद्धि कहां-कहां जाती है,राजयोग से मन और बुद्धि को एकाग्र करना है। सुख की स्मृति से हम समृद्ध बनेंगे आपने उदाहरण द्वारा बताया कि मैं शक्तिशाली आत्मा हूं इस स्मृति से कर्म करने से शक्ति आती है और जीवन में समर्थी से समृद्धि आती है, जिससे हमारा जीवन सहज परिवर्तन होता है। हमारे व्यवहार से सभी को सुख मिलता है। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने बीके पुष्पा दीदी एवं विजया दीदी का पुष्प गुच्छ से स्वागत अभिनंदन किया।

# दुष्कर्म करने वाले को सहसपुर लोहारा पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कवर्धा, 7 अगस्त।** प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया की इसकी नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई हैं की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 158/24 धारा 363 भा.द.वी. के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया कि नाबालिग लड़की कही चले जाने या अपहरण होने पर मामले की गंभीरता को देखते हुए सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर से पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशानुसार, अति.पु. अधि. विकास कुमार (भापुसे), अति.पु.अधि. पुष्पेंद्र बघेल और पु.अनु.अधिकारी संजय ध्रुव के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी निरीक्षक लालमन साव द्वारा थाना स्तर पर टीम तैयार की गई द्य उक्त टीम द्वारा अपहृत नाबालिग लड़की की पता साजी हेतु लगातार आसपास और संभावित ठिकानों में पतासाजी कर संदेहियो से लगातार पूछताछ करती रही कि पतासाजी दौरान साइबर सेल के सहयोग से अपहृता को तुरकापल्ली यूनिटी इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन के सामने थाना तुक्कापल्ली जिला मेडसल तेलंगाना से सन्देही दौलत पटेल पिता दशरथ पटेल उम्र 20 वर्ष साकिन कटंगी थाना गंडई जिला के.सी.जी. के कब्जे से बरामद कर दस्तयाब किया जाकर नाबालिक का महिला पुलिस अधिकारी से पुछताछ कर कथन कराया गया जो नाबालिक पीड़िता ने अपने कथन में बताई की दौलत पटेल पिता दशरथ पटेल उम्र 20 वर्ष द्वारा दिनांक धटना को पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर, बहला फुसलाकर भगाकर तुक्कापल्ली जिला मेडसल, तेलंगाना ले गया और उसके साथ नियमित रूप से शारीरिक सम्बंध बनाया है की मामले में धारा 366, 376, 376(2)(ह) भा.द.वी. एवं धारा 04, 06 पोक्सो एक्ट जोड़ी गई बाद नाबालिक को उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया, आरोपी दौलत पटेल पिता दशरथ पटेल उम्र 20 वर्ष साकिन कटंगी थाना गंडई जिला के सी जी हाल तुरकापल्ली यूनिटी इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन के सामने थाना तुक्कापल्ली जिला मेडसल, तेलंगाना के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायलय पेश किया गया । उक्त कार्यवाही में निरीक्षक लालमन साव, उप निरीक्षक लक्ष्मीनारायण साव, सहायक उप निरीक्षक डोमन बंजारे, महिला आरक्षक मंजू निर्मलकर और साइबर सेल का विशेष योगदान रहा । कबीरधाम पुलिस की पूरी कोशिश है कि नाबालिक बालिका और बालक को रिपोर्ट के बाद जल्द-से-जल्द दस्तयाब करें और उनके परिजनों को सुपुर्द करें।

### शिविर में जाति प्रमाण पत्र बनाने आए आवेदनों का हुआ निवारण

**रिसाली।** जनसमस्या निवारण शिविर के आठवे दिन रूआबांधा दशहरा मैदान में 4 लोगों का जाति प्रमाण पत्र बनाकर दिया गया। वहीं एक को आय प्रमाण पत्र दिया। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में चल रहे शिविर में 291 प्राप्त मांग में 107 और 14 शिकायतों में 4 का निराकरण किया गया। महापौर शशि सिन्हा की मौजूदगी वाले जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व विभाग ने ऐसे आवेदनों का त्वरित निराकरण किया, जिसमें लोगों को भटकना पड़ रहा था। शिविर स्थल पहुंचे सूर्यनाथ गौतम, परमीला, प्रीती और भावेस सेन का जाति प्रमाण पत्र बनाकर सौंपा गया। इसके अलावा प्रिया शर्मा पति किशोर शर्मा का आय प्रमाण पत्र जारी किया गया। शिविर में महापौर शशि सिन्हा रूद्र कुमार कौशिक का अन्न प्राशन्न और जया राजपूत की गोद भराई की। इस अवसर पर एमआईसी सद्स्य सोनिया देवांगन, पार्षद सारिका साहू, टिकम साहू, ममता यादव, शीला नारखेड़े, माया यादव, रेखा देवी, आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### जनता को सीबीआई ने किया आगाह

**रायपुर 7 अगस्त ।** आम जनता से आगाह किया गया है कि वरिष्ठ सीबीआई अधिकारियों के नाम एवं पदनाम का दुरुपयोग करके, किए जाने वाले स्कैमों के प्रति सतर्क रहें। खासकर इस तरह के स्कैम में इंटरनेट/ईमेल/व्हाट्सएप आदि पर निदेशक सीबीआई सहित सीबीआई अधिकारियों के हस्ताक्षर वाले फर्जी दस्तावेज, फर्जी वारंट/समन को धोखाधड़ी करने हेतु प्रसारित किए जाते हैंद्य सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सीबीआई लोगो( स्ष्द्द्श) का कुछ अपराधियों द्वारा अपने डिस्प्ले पिक्चर के रूप में दुरुपयोग किया जाता है, ताकि वे पैसे ऐंठने के लिए मुख्य रूप से व्हाट्सएप के माध्यम से कॉल कर सकें। जनमानस को सलाह दी जाती है कि वे सतर्क रहें और ऐसे घोटालों का शिकार न बनें। ऐसे किसी भी प्रयास की तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दें।

### समन्वय बनाने से अच्छा चलेगा स्कूल: वैष्णव



**राजनांदगांव 7 अगस्त।** ग्राम धामनसरा में संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक धामनसरा आयोजित रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य अध्यक्षता पीताम्बर कतलम जनपद सदस्य विशेष अतिथि अजय मसीह प्राचार्य लोकेश गंगवीर सरपंच कृत लाल पटेल उपसरपंच चुम्मन निषाद पूर्व उपसरपंच ढालू राम पटेल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति संकुल समन्वयक प्रकाश देशमुख ने मां सरस्वती पूजा अर्चना कर सभी तिलक लगाकर शिक्षा विभाग बिंदु वार जानकारी अवगत कराया एफ आई एन , एन ई पी मेरा कोना छात्र दिनचर्या बच्चों ने आज क्या सीखा बच्चा बोलेगा बेझिझक बच्चों प्रगति एवं परीक्षा पुस्तक उपलब्ध बस्ता रहित शनिवार बच्चों आयु कक्षा अनुरुप स्वास्थ्था परीक्षण पोषण के जानकारी जाति निवास आय जानकारी दीक्षा एप ई जादुई पिटारा ई-लाइब्रेरी से अवगत कराया तथा पालक लोगों हायर सेकंडरी स्कूल दो शिक्षक कमी पर चर्चा किया जिसमें नोडल अधिकारी प्रवीण कुमार चंदाकर खनिज अधिकारी ने विभागीय समीक्षा जानकारी से अवगत कराया कहां पालकों शिक्षा में सुधार विभिन्न प्रकार अपने अपने बात रखी वैष्णव ने शिक्षक और पालक गणों कहां शिक्षा में सुधार के लिए समन्वय दोनों तरफ होना चाहिए तभी संभव है शिक्षक एवं पालन गण उपस्थित रहा आभार सुभाष साहू शिक्षक किया और अपील किया अपने अपने स्कुल बैठक में पालक गण उपस्थित होकर सुक्षाव देवे।

### हरेली पर लगाए पौधे



**राजनांदगांव 7 अगस्त।** वृक्षारोपण किया गया सुरेन्द्र दाऊ राजनांदगांव समीपस्थल ग्राम में हरेली तिहार अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम मुख्य अतिथि सुरेन्द्र दाऊ पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्षता योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य विशेष अतिथि लोकेश कुमार गंगवीर सरपंच कृत लाल पटेल उपसरपंच पुनू राम पटेल पूर्व सरपंच ढालू राम पटेल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति धामनसरा के अतिथि में प्राकृतिक को सरा भरा तथा आमलोगों खाने मे भविष्य काम आयेगा आम अमरूद नींबू मुनगा इमली आंवला चीकू पांम कटहल आदि के 151पौधारोपण किया गया साथ में जीवराखन पटेल बिसे पटेल बिहारी वैष्णव बरातू पटेल लवकुश पटेल मोहित पटेल अन्य लोगों वृक्षारोपण सहयोग किया।

### कलेक्टर ने विद्या सांगोडे के किडनी ट्रांसप्लांट के लिए अग्रिम सहयोग राशि 20 हजार रूपए का चेक किया प्रदान

**राजनांदगांव 7 अगस्त ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने शासन द्वारा संचालित आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत श्रीमती विद्या सांगोडे के नाम से पति श्री रितेश सांगोडे को किडनी ट्रांसप्लांट के लिए 20 हजार रूपए का चेक अग्रिम सहयोग राशि के रूप में प्रदान किया। कलेक्टर ने किडनी ट्रांसप्लांट के पूर्व आवश्यक सभी जांच का व्यय जिले में संचालित रेडक्रास समिति द्वारा वहन करने के निर्देश दिए।श्रीमती विद्या सांगोडे द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट के लिए आर्थिक सहायता राशि प्रदान किये जाने के संबंध में शासन से आग्रह किया गया था। कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन द्वारा संचालक श्री राम कृष्ण अस्पताल रायपुर डॉ. संदीप दवे से किडनी ट्रांसप्लांट के संबंध में मिलकर चर्चा की गई। संचालक श्री राम कृष्ण अस्पताल रायपुर द्वारा बताया गया कि मरीज श्रीमती विद्या सांगोडे का किडनी ट्रांसप्लांट शासन द्वारा संचालित आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत निःशुल्क किया जाएगा एवं किडनी ट्रांसप्लांट के पूर्व आवश्यक समस्त जाँच का व्यय परिजन को वहन करने के संबंध में जानकारी दी गई। जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया कि किडनी ट्रांसप्लांट पूर्व आवश्यक सभी जाँच का व्यय जिले में संचालित रेडक्रास समिति द्वारा वहन किया जाएगा।

# सीएमओ की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट लोगों ने नपा का किया घेराव

## जन विरोधी कार्य करने आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों सहित पीड़ितों ने दिया धरना ,नारेबाजी, बहस सहित भजन कर बैठे रहे पांच घंटे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 7 अगस्त।** डोंगरगढ़ के सीएमओ चंद्रकांत शर्मा द्वारा पांच महिला कमांडो को बिना कारण कार्य से बैठाऐ जाने व बिना नोटिस गरीब दुकानदारो की दुकान पर बुल्डोजर की कार्यवाही सहित अन्य 11 मुद्दों पर निराकरण की मांग को लेकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों सहित पीड़ितों ने मंगलवार को नगर पालिका का घेराव करते धरना प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस की सत्ता होने के बाद भी नगर पालिका अधिकारी द्वारा लिए जा रहे निर्णय से असंतुष्ट स्थानीय विधायक सहित कांग्रेसियों ने पीड़ित परिवारों के साथ सीएमओ चंद्रकांत शर्मा के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया। विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने पालिका के सामने जमीन में बैठकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पीड़ित परिवार के साथ सीएमओ चंद्रकांत शर्मा के विरुद्ध में नारेबाजी की गई। इस दौरान पुलिस बल के बीच प्रदर्शन कारियो से संवाद करने पहुंचे सीएमओ पर पीड़ित परिवार के सदस्यों व कांग्रेस जनों ने जमकर आक्रोश जताया।

विभिन्न मुद्दों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर कांग्रेस के कार्यकर्ता व पीड़ित परिवार के सदस्य अनशनकारियों ने बताया कि विगत दिनों प्रशासन द्वारा अनेक दुकानें अतिक्रमण के नाम से तुड़वा दी गई थी। जिससे अनेक परिवारों पर आर्थिक संकट आ खड़ा हुआ है। अनेक नौजवान बेरोजगार हो गए हैं। दूकान टूटने से हुए बेरोजगार दुकानदारी व नगरपालिका से निकाले गए महिला कमांडो के महिलाएं और कांग्रेसियों के द्वारा मंगलवार को 13 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरपालिका परिषद डोंगरगढ़ में दोपहर बजे शाम 6 बजे तक विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी महिला कमांडों द्वारा दुपट्टा से फांसी भी लगाने का असफल प्रयास किया गया। हालाँकि कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई। पालिका कार्यालय के समक्ष विधायक श्रीपती बघेल ने नीचे बैठकर पालिका के विरोध में कार्यकर्ताओं के साथ नारेबाजी की उग्र कांग्रेसजनों को अंततः पुलिस ने गिरफ्तार कर रिहा किया । दोपहर से शाम होने तक कोई हल नहीं निकलता देख प्रदर्शनकारी तबला मंजीरा के साथ भजन भी करने लगे। मुख्य नगरपालिका आधिकारी और प्रदर्शनकारियों के बीच बातचीत भी हुई परंतु कोई संतुष्टि जनक आश्वाशन प्रशासन की ओर से प्रदर्शनकारियों को नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस प्रशासन द्वारा सभी प्रदर्शनकारियों को बस में डालकर डोंगरगढ़ के रेस्ट हाउस लाया गया।

स्थानीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने पुलिस द्वारा रिहा करने के बाद कहा है कि 13 सूत्रीय मांगों को लेकर आगे भी कांग्रेस अपने मांगों को लेकर प्रदर्शन रहेंगे। प्रशासन को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने जब से कार्यभार संभाला है, लगातार विवाद को स्थिति उत्पन्न हो रही है। उनके द्वारा तानाशाही से नगरपालिका चलाया जा रहा है। और जनहित के कार्यों पर अवरोध उत्पान किया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर छोटे दुकानदारो पर कार्यवाही कर उनके दुकानों को तोड़ दिया गया। सिर्फ कुछ दुकानों पर कार्यवाही की गई और उनके व्यवस्थापन की कोई व्यवस्था नहीं की गई। बिना कारण बताये और बिना नोटिस दिये 4 महिला कमांडो को कार्यमुक्त कर दिया गया।बिना किसी त्रुटि गलती के दो अनियमित महिला कर्मचारी को कार्यमुक्त कर दिया गया विभिन्न ठेकेदारी का कई वर्षों से भुगतान लबित है। नगरपालिका के नियमित एवं अनियमित कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जाता। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुख्यालय (डोंगरगढ़) में नहीं रहते। कार्यालय में उनकी उपस्थितिः नगण्य एवं क्षणिक होती है। नगरपालिका कर्मचारियों पर अनैतिक दबाव बनाते हैलगर विकास एवं जनहित के कार्यों को स्वीकृति प्रदान नहीं करते। तथा विलंब करते है। बाहरी व्यक्तियों को नगरपालिका में कार्य दिया गया है। अलग- अलग व्यक्तियों के साथ एवं कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है। नगर पालिका के सेवानिवृत्ति कर्मचारियों का सेवानिवृति के बाद मिलने वाली राशि जो उनको जीवन का आधार है के भुगतान को भी पूर्ण न कर लंबित कर दिया जाता है। पिछले लगभग 18-19 माह से नगरपालिका के साई कर्मचारियों का पी.एफ. वेतन से काटा जरूर गया है। परंतु आज दिनांक तक उनके पीएफ खाते में जमा नहीं हुआ है।उक्त सभी आरोप सत्य तथ्यों के आधार पर लगाया गया है। और जब तक उक समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी पर सत कार्यवाही नहीं की जाती है तो हमारा धरना अनिश्चित काल के लिये जारी तत्काल निराकरण करने पर ही धरना समान की जायेगी।

# जिले के आत्मानन्द स्कूल के प्रतिनियुक्ति में पदस्थ कर्मचारियों का दो माह का वेतन अटक

■ शिक्षा विभाग की लेटलतीफी के चलते आर्थिक परेशानी का सामना कर पड़ रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 7 अगस्त।** जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी के स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी व हिंदी माध्यम स्कूल के प्रतिनियुक्ति में पदस्थ शिक्षकों को लगभग दो माह का वेतन रुक जाने से आर्थिक स्थिति से गुजर रहे है शिक्षकों का कहना है कि जिले के सभी स्कूलों को हर माह का वेतन भुगतान समय पर हो रहा है लेकिन आत्मानंद स्कूल के शिक्षकों को अभी तक जून-जुलाई का वेतन नही मिला है जिसकी वजह से बैंकों से होमलोन,कार लोन सहित अन्य लोन की क़िस्त अदा नही कर पा रहे है जिससे उनके सामने घर का खर्चा चलाए या फिर लोन का कर्ज चुकाए ऐसी स्थिति आ गई है जबकि इन्ही स्कूल के सविदा में पदस्थ सभी कर्मचारियों को दोनो माह का वेतन मिल चुका है ऐसे में शिक्षकों के साथ भेदभाव जैसे स्थिति बन रही जो नियमित कर्मचारी है उनको सविदा के कर्मचारियों की तरह गुजारा करना पड़ रहा है वही इनके द्वारा वेतन भुगतान को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को अगवत कराया जा चुका है लेकिन अभी तक विभाग के द्वारा वेतनमान भुगतान को लेकर किसी भी प्रकार का कोई प्रतिक्रिया दिखाई नही दे रही है ऐसे में बैंकों का लोन का क़िस्त अदा करना और परिवार को चलाने में इनको बहुत दिक्कतों का सामान करना पड़ रहा है ।

#### मांगपत्र के लिए विभाग की लेटलतीफी

वही जब जिले के आत्मानन्द स्कूल में प्रतिनियुक्ति में पदस्थ शिक्षकों के वेतन के संबंध में जानकारी ली गई तो जिला शिक्षा विभाग से पता चला कि सभी शिक्षकों के लिए डीपीआई से आंबटन जारी किया जाता है जिसके लिए जिला से सभी पदस्थ शिक्षकों के लिए विभाग में बैठे लिपिक के द्वारा आगे आंबटन के लिए प्रस्ताव भेजा जाता है लेकिन विभाग की लेट लतीफ के चक्कर मे आंबटन के लिए जिले से प्रस्ताव लेट से भेजा गया जिसकी वजह से वेतन भुगतान के लिए आंबटन अभी तक नही आ पाया जबकि अभी प्रदेश के अन्य जिलों को वेतन भुगतान के लिए आंबटन जारी हो चुका है और वेतन भुगतान भी समय पर हो चुका है लेकिन यहां विभाग के सुस्त रवैये के चलते कर्मचारियों को दिक्कत उठाना पड़ रहा है ।

#### अगस्त माह में है तीज त्यौहार का दौर

जहां इनके सामने बैंकों का लोन का क़िस्त और परिवार के घर का खर्चा चलाने के आर्थिक समस्या आ रही है तो वही अगस्त माह में तीज त्यौहार का दौर शुरू हो चुका है रक्षाबंधन, महिलाओं का तीज पर्व और गणेश चतुर्थी सहित अन्य त्यौहार पड़ रहा है जिसके कारण भी सभी को आर्थिक दिक्कतों का सामने आगे और भी करना पड़ सकता है अगर समय रहते विभाग के द्वारा वेतनमान का भुगतान कर दिया जाता है तो इनको राहत मिल सकती है ।

#### करोड़ो रुपए अभी भी है विभाग के पास

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जून माह में आए अन्य आंबटन से जिले के आत्मानन्द स्कूल में प्रतिनियुक्ति में पदस्थ शिक्षकों का दो माह का वेतन भुगतान अन्य आंबटन में रखे करोड़ो रुपए की राशि से किया जा सकता है जिसका अधिकार जिला कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी के हाथ मे है फिर भी अधिकारियों को जुझ रहे शिक्षकों की आर्थिक स्थिति व उनके परिवार की समस्या से कोई फर्क नही पड़ रहा है जिसकी वजह से सभी शिक्षक काफी हद तक परेशान नजर आ रहे है ।

## समाचार संक्षेप

### शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई



**राजनांदगांव 7 अगस्त।** 6 अगस्त को माओवादी नक्सलियों के होने की सूचना पर सर्चिंग हेतु रवाना हुए थे। सर्चिंग करते पुलिस पार्टी भावे के आगे घोड़ापाठ जंगल की ओर बढ़ रहे थे कि घोड़ापाठ जंगल के ऊपर भावे से 03 किमी दूरी पर पुलिस पार्टी को देखकर करीबन 13:30 बजे नक्सलियों द्वारा जान से मारने की नीयत से एक राय होकर आधुनिक हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। पुलिस पार्टी द्वारा भी वितरणशुदा आर्म्स एम्युनेशन से आत्मरक्षार्थ पोजीशन लेकर जवाबी फायरिंग किया गया। इस दौरान बहादूरी से लड़ रहे उनि0 युगल किशोर वर्मा एवं आरक्षक 962 कृषलाल साहू द्वारा अपने मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुती देकर शहीद हो गए। दिनांक 03.02.2017 को ग्राम भावे से उत्तर दिशा की ओर पहाड़ी जंगल में 34-35 की संख्या में सशस्त्र वर्दीधारी महिला पुरूष माओवादी नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी को देख कर जान से मारने की नियत से आटोमैटिक हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे तब पुलिस पार्टी द्वारा भी चारो तरफ से घेराबंदी कर आत्मसरक्षार्थ जवाबी फायर करते हुये आगे बढ़ने लगे। नक्सलियों के साथ मुठभेड में सहायक आरक्षक क्र0-53 सुखुराम नेताम द्वारा अपने मातृभूमि रक्षा के लिए नक्सलियों से लोहा लेते हुये वीरगति को प्राप्त हो गये। इस अवसर पर शहीद स्मारक रक्षित केंद्र राजनांदगांव में शहीद परिवार के साथ पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगाँव रेंज राजनांदगाँव श्री दीपक कुमार झा, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, डीएसपी अजीत ओगरे, रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कसेर व नक्सल सेल/रक्षित केंद्र एवं पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अपिर्त की गई।

### नाबालिग लड़की को छेड़छाड कर जान से मानने की दी धमकी, गिरफ्तार



**डोंगरगांव 7 अगस्त।** 6 अगस्त को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाने मे ग्राम सालिकझिटीया निवासी प्रार्थिया के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया की उसके साथ दो व्यक्ति के द्वारा एक राय होकर छेड़छाड कर सब्जी काटने वाले चाकु टिकाकर जान से मानने की धमकी देने पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया । थाना डोंगरगांव के द्वारा मामले के गंभीरता को देखते हुये त्वरित कार्यवाही करते हुये तत्काल पुलिस टीम गठित कर आरोपियो की पता तलाश कर थाना लाकर पुछताछ किया जिन्होने दिनांक घटना समय को उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया , जो कि 74 , 351(2) 3(5) ब्हृस्र एवं 8 पाक्सो एक्ट का अपराध घटित करना पाया गया है धारा सदर मे आरोपी के कब्जे से दो नग सब्जी काटने का चाकु जिसे घटना मे प्रयुक्त किया है , दो नग टी शर्ट जप्त कर आरोपी 1. राजकुमार निषाद पिता यादवराम निषाद , उम्र- 19 साल, , 2. भुषण सोनकर पिता संतराम सोनकर , उम्र- 20 साल पता दोनो ग्राम अर्जुनी , थाना डोंगरगावं जिला राजनांदगांव , छ0ग0 को आज दिनांक 06.08.2024 को क्रमश = 12.20 , 12.30 बजे ,गिर0 किया गया , गिर0 की सुचना परिजनों को दी गई है । आरोपियों का जुर्म गैरजमानतीय होने से गिर0 कर ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है । उक्त कार्यवाही मे थाना डोंगरगांव से निरी0 उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे , उपनिरी0 दिनेश कुमार , प्र0आर0 कल्पना अंबादे, प्र0आर0 233 संदीप देशमुख , आर0 960 गौरव शेण्डे ,आर0 1507 राकेश कुमार साहू ,आर0 1762 धर्मेन्द्र मांडले , आर0 499 गुलशन कंवर , का विशेष भुमिका रही है ।

### डायरिया की शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम तत्काल शुरू करे इलाज:कलेक्टर

**राजनांदगांव 7 अगस्त।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पीजी पोर्टल, पीजीएन जन शिकायत, कलेक्टर जनचौपाल, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने विभागवार समीक्षा के दौरान नाराजगी जाहिर करते हुए सभी विभागों को निर्धारित समय में लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता देते हुए करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि भू-अर्जन के प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं। जहां नामांतरण शेष रह गया है और जहां प्रक्रिया पूर्ण हो गई है, उसकी जानकारी प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अनुशासन में रहें तथा समय पर कार्य पूर्ण करें।

# वर्षों से किराये में निवासरत परिवारों का स्वयं के आवास का सपना हो रहा साकार

**राजनांदगांव 7 अगस्त।** देश के प्रत्येक परिवार के सर पर पक्की छत हो इस सोच को सकार करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है, क्रियान्वयन की इस कडी में छत्तीसगढ शासन की संवेदनशील पहल मोर मकान मोर आस योजना के तहत आम आदमी के आवास का सपना सकार करने कियायेदारों के रूप में निकाय क्षेत्र के परिवारों को उनका स्वयं का अपना आवास मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन एवं जनमानस को योजना का लाभ देने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया कर आवेदन आमंत्रित किया गया। प्राप्त आवेदनों में पात्र हितग्राहियों को निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर आज दिनांक 6 अगस्त 2024 को नगर निगम सभागृह में संयुक्त कलेटर व नजूल अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, कार्यपालन अभियंता व योजना के नोडल अधिकारी श्री यू.के.रामटेके, सहायक लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे, राजस्व अधिकारी श्री अशोक देवांगन की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 39 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पूर्व में 109 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन कर योजना का लाभ दिया गया है।

नोडल अधिकारी श्री रामटेके ने बताया कि उक्त योजना के तहत 1052 आवेदन प्राप्त हुये थे, प्राप्त आवेदन में से पात्र 688 आवेदकों की सूची जारी की गयी थी। जिनमें राशि जमा उपरांत पूर्व में 109 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया था, और आज 39 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जा रहा है। इस प्रकार कुल 148 हितग्राहियों को योजनांतर्गत स्वयं का आवास मिला। इसके अलावा उपरोक्त पात्र सूची में से आवेदकों द्वारा परियोजना अनुरूप राशि जमा किये जाने उपरांत 10 या 10 से अधिक हितग्राही पाये जाने पर लाटरी की प्रक्रिया कर निरंतर आवास आबंटन किया जायेगा।

श्री रामटेके ने बताया कि रेवाडीह में निर्मित 340 पूर्ण आवास में 2, मोहारा में निर्मित 340 पूर्ण आवास में 2, मोहारा में निर्माणाधीन 870 आवास में 18, रेवाडीह में निर्माणाधीन 258 अपूर्ण आवास में 11, लखोली में निर्माणाधीन 172 अपूर्ण आवास में 6 इस प्रकार इस बारिश में कुल 39 हितग्राही के स्वयं के आवास का सपना सकार हुआ। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को 15 दिन के कार्य दिवस में आवास आबंटन पत्र दिया जायेगा। साथ ही पात्र हितग्राही जो इस लाटरी में शामिल नहीं हो पाये उन्हें राशि जमा उपरांत पुनः लाटरी कर आवास का आबंटन किया जायेगा तथा जो आवेदक बैक से ऋण लेना चाहते है उन्हें ऋण की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है।

संयुक्त कलेक्टर व नजूल अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने आवास प्राप्त करने वाले सभी परिवारों को बधाई देते हुये कहा कि आज वर्षो से आप लोग किराये के मकान में निवास कर रहे थे, लेकिन आज शासन की योजना के तहत अब आप किराये के मकान से मुक्त होकर अपने स्वयं के आवास का सपना सकार करेंगे।

# मोटर साइकिल चोरी के आरोपी गिरफ्तार




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 अगस्त।** प्रार्थी ओम प्रकाश शर्मा पिता स्व0 श्री सीताराम शर्मा उम्र 49 वर्ष नीलगिरी पार्क वार्ड न0 23 थाना बसंतपुर जिला- राजनांदगाँव (छ.ग.) का आज दिनांक 05/08/2024 के 19/15 बजे थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह अपने ओम जनरल स्टोर्स फुरसत के पल के पास किराना समान छोडने अपनी दुकान एक्टीवा क्रमांक ष्ट्ल 08ब्ष् 1400 से गया था एक्टीवा को दुकान के सामने खडी कर समान को दुकान अंदर रखने गया और दुकान से बाहर आकर देखा तो रखे स्थान पर एक्टीवा नही थी किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने शंका पर अज्ञात चोर द्वारा एक्टीवा को चोरी कर लेने के संबंध मे रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना बसंतपुर मे अपराध क्रमांक 347 /2024 धारा धारा 303(2) ब्हृस्र कायम कर विवेचना मे लिया गया । जिले के कप्तान श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग द्वारा संज्ञान लेते हुए आरोपीयो को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देश दिया गया जिस पर अति. पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा ,नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरी0 सत्यनारायण देवागन द्वारा आरोपी की पतासाजी हेतु टीम गठित की गई ,गठित टीम द्वारा सायबर सेल राजनांदांव की मदद से घटना स्थल के आसपास लगे सीटी टीव्ही फुटेज की मदद से आरोपीयो की पता तलाश कर चोरी की एक्टीवा को मुखबीर सूचना के आधार पर प्रथम सूचना पत्र के 24 घंटे के भीतर चोरी की एक्टीवा एंव आरोपीयो उत्तम साहू , मनीष खरे एंव अपचारी बालक के निशादेही पर गौरव पथ खंडहर के पीछे झाडियो से बरामद कर गिरफ्तार किया गया । उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवागन एंव सायबर टीम राजनांदगांव , सउनि मनमोहन साहू ,आरक्षक 1764 मुजलाल , बी-9 पेट्रोलिंग पार्टी , की भूमिका सरहानीय रही ।

## प्राप्त आवेदनों का अधिकारियों को यथासंभव निराकरण के दिये निर्देश

# कलेक्टर शिविर का निरीक्षण कर वार्डवासियों से हुये रूबरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 6 अगस्त।** जन समस्या निवारण पखवाड़ा के तहत नगर निगम द्वारा वार्डो में आयोजित शिविर को अच्छा प्रतिसात मिल रहा है, वार्डवासी अपने मांगों एवं शिकायत को लेकर उत्साह से शिविर में पहुँच रहे है। आज वार्ड नं. 29,30,31 व 36 के लिये जनता कालोनी सामुदायिक भवन में आयोजित शिविर में बड़ी तादात में वार्डवासी पहुँच 171 आवेदन दिये, जिसमें से 60 आवेदन का शिविर में ही निराकरण किया गया तथा 50 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करा निःशुल्क दवा लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया।

आज जनता कालोनी शिविर में निराकरण में सफाई के 2 प्रकरण में मठपारा सुलभ शौचालय की सफाई नहीं होने की क्षेत्रवासियों की शिकायत का त्वरित निराकरण कर सफाई कराया गया। इसी प्रकार जनता कालोनी में बाजपेयी किराना के पीछे नाली सफाई कि शिकायत पर सफाई कराकर निराकरण किया गया। साथ ही आधार कार्ड पंजीयन के 27, आयुष्मान कार्ड के 21 व श्रमिक पंजीयन 9 प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया, जिसपर जनता कालोनी निवासी हरि प्रसाद बाजपेयी ने आधार कार्ड बनने, लखोनी के तुगन सोनकर ने आधार अपडेट होने पर तथा संजय नगर के चंदन फिकरे ने आयुष्मान कार्ड बनने व लखोली की मालती सोनकर ने श्रम कार्ड बनने पर सरकार एवं नगर निगम का आभार व्यक्त कर कहा कि वार्ड में ही शिविर आयोजित होने से कम समय में समस्या का निराकरण हुआ।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के साथ शिविर का जायजा लेकर सभी स्टालो का निरीक्षण किया और उपस्थित वार्डवासियों से रूबरू हो उनके मांगों एवं शिकायतों के संबंध में चर्चा की और कहा कि आपके वार्ड में शासन मंशानुरूप शिविर आयोजित किया गया है, जिसमें बिजली, पानी, सफाई, विद्युत, निर्माण संबंधी समस्या के अलावा आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम पंजीयन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन के प्रकरणों का शिविर में निराकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आप सभी शिविर का लाभ ले और अपने आस पास के वार्डवासियों को भी उनके वार्ड के लिये आयोजित शिविर में लाभ लेने पहुँचने प्रेरित करे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शिविर में आये आवेदनों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उपायुक्त व नोडल अधिकारी श्री मोबिन अली ने बताया कि नये नल कनेक्शन, पानी कम आने, राशन कार्ड मे नाम जोडने व नया बनाने, स्वयं के भूमि पर आवास निर्माण, पट्टा वितरण, स्ट्रीट लाईट लगाने व मरम्मत, साफ सफाई तथा रोड नाली निर्माण के अलावा स्व रोजगार हेतु ऋण, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड व श्रम पंजीयन के लिये आवेदन प्राप्त हो रहे है।

**एक नजर**

## मेगा पीटीएम के साथ ही पौधारोपण का आयोजन



**कुरूद, 7 अगस्त।** शास0 उच्च0 माध्य0 शाला गुदगुदा सभागार में गुदगुदा संकुल के संकुलस्तरीय पालकों और शिक्षकों का मेगा बैठक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि एसएमसी अध्यक्ष एवनलाल साहू, अध्यक्षता संकुल प्राचार्य टेकराम सोनकर तथा विशिष्ट अतिथि एसएमसी अध्यक्ष भीम साहु, पोषण साहू, नीलकंठ साहू, सेवानिवृत शिक्षक एसआर साहू, अभयराम साहू तथा चैनसिंग साहू थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के मार्ल्यापण और मां सरस्वती की वंदना से हुआ। इसी तारम्मय में कार्यक्रम में शिक्षको की टीम द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे जाति-निवास प्रमाण पत्र, नौनिहाल छात्रवृत्ति, कैरियर गाइडेस, शिक्षा गुणवत्ता, शैक्षणिक गतिविधियां, न्योता भोज की विस्तृत जानकारी उपस्थित पालकगणों को प्रदान की गई। इस दौरान पीएचसी सिरसिदा से डा पंकज साहू द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को मोटिवेशनल वीडियों के द्वारा विद्यार्थियों के लिए उत्तम स्वास्थय एवं पोषण की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के पालको को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। अपने उदबाोधन में मुख्य अतिथि श्री साहू ने विगत वर्षो में विद्यालय के छा़त्र-छात्राओं द्वारा जिले में टाप टेन की मेरिट सूची में आने और स्काउट-गाइड विंग में में राज्यपाल पुरूस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की हौसलाअफजाई भी की तथा विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना भी की।इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विद्यालय प्रांगण में वृहद वृक्षारोपण भी किया गया तथा पेड-पौधों की सुरक्षा का संकल्प लेकर शपथ भी लिया गया।कार्यक्रम मे मंच संचालन व्याख्याता तरूण सिन्हा और आभार प्रदर्शन प्राचार्य टीआर सोनकर ने किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य आरके टाण्डे, प्रधानपाठक दुर्गेश द्विवेदी, चंद्रप्रभा बघेल, क्षिप्रा कन्नौजे, जतीश सिन्हा, शीला साहू, जगमोहन साहू, नरेश साहू, गोविद साहू, हीरासिंह बघेल, सहित पालकगण के अलावा स्काउ-गाइड और रेडक्रास के छात्र-छात्राए मौजूद थें।

# बस स्टैंड में यात्री बस से अवैध सागौन चिरान जब्त








■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 7 अगस्त ।** गीदम बस स्टैंड परिसर में मंगलवार रात्रि मनीष ट्रेवल्स की यात्री बस से अवैध रूप से ले जाए जा रहे सागौन चिरान पकड़ाया । मिली जानकारी अनुसार यह भैरमगढ़ से रायपुर की ओर ले जाया जा रहा था जिसे गीदम बस स्टैंड में पकड़ा गया । बताया जा रहा है कि 2 नग दरवाजा और 4 नग खिड़की की चौखट बोरी में पैक करके भैरमगढ़ से ले जाया जा रहा था जिसे सूचना पर फारेस्ट की टीम ने पकड़ा । मौके से वैध दस्तावेज नही मिलने पर फारेस्ट की टीम जब्ती कर आगे की कार्यवाही में जुटी है । हालांकि सागौन चिरान किसका था बस में किसने डलवाया था , इसे लेकर वन विभाग की टीम स्पष्ट जानकारी देने से भी बचती हुई नजर आ रही है ऐसे में मुख्य आरोपी को बचाने की संभावना भी यहां जताई जा रही है । गीदम वन परिक्षेत्र के डिप्टी रेंजर के राजू ने बताया कि भैरमगढ़ से 2 नग सागौन का दरवाजा और 4 नग खिड़की का चौखट मनीष ट्रेवल्स की बस सीजी 07 सीआर 9016 से ले जाया जा रहा था मौके से कोई वैध दस्तावेज नही मिलने पर गीदम बस स्टैंड से जब्त किया गया है , फिलहाल यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए बस को रवाना कर दिया गया और बस चालक के वापस आने पर पूछताछ की जाएगी और आगे की विधिवत कार्यवाही की जा रही है ।

# जिले का राजनीतिक माहौल भाजपा जिला अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पत्र से गरमाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 7 अगस्त।** नारायणपुर जिले में इन दिनों चपरासी की नियुक्ति से लेकर शिक्षक का तबदला का मामला बड़ा तुल पकड़ता जा रहा है क्योंकि सत्ता में आते ही भाजपा के पदाधिकारी इन नियुक्ति और तबादले के लिए अधिकारियों को पत्र जारी कर सत्ता का दबाव बना रहे है और अधिकारी सत्ता के दबाव में पत्र पे कार्य कर रहे है । पूरा मामला इस प्रकार है कि पिछले दिनों भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसाय सलाम द्वारा जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा को पत्र लिखकर देवगांव पोटा केबिन बालक और बालिका में दो भृत्य की नियुक्ति करने के लिए लिखा गया था और दोनो की नियुक्ति अशीक्षको ने कर दी थी जिसकी शिकायत जिला कलेक्टर से सीपीआई नेता फुलसिंग कचलाम ने कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी मामला ठंडा हुआ ही नहीं था कि भाजपा जिला उपाध्यक्ष सोनू कोर्राम का




शिक्षक के तबादले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखे जाने का नया मामला सामने आया है । उक्त पत्र में भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने जिला शिक्षा अधिकारी को लिखा कि अन्यत्र शिक्षक को टीमनार ने भरंडा में संलग्न किया जाए जिस पर उक्त शिक्षक को भरण्डा में संलग्न किया गया है । सीपीआई नेता फूलसिंह कचलाम ने कहा कि सत्ता में आने के लिए भाजपा ने कई वादे जनता से लिए और जनता ने अपना आशीर्वाद देकर उन्हें सत्ता में लाया उन वादों में भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश का भी था लेकिन भाजपा जिला अध्यक्ष ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए भृत्य की नियुक्ति करने के लिए अपने लेटर पैड में पत्र लिखा और नियुक्ति करवाई । वही आप नेता नरेंद्र नाग ने कहा कि भाजपा के नेताओं में बड़ी होड़ लगी नजर आ रही है भृत्य से लेकर शिक्षक की नियुक्ति और तबादले कराने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष और उपाध्यक्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर सत्ता का दबाव बनाकर कार्य करवा रहे है ।नारायणपुर में शिक्षको को मनपसंद जगह जाना हो या अधिक्षक अधिक्षिका बनना हो तो बीजेपी के नेताओं से सम्पर्क कर सरलता से सपना पुरा किया जा सकता है ऐसे हजारों उदाहरण है आम आदमी पार्टी नारायणपुर बीजेपी की ऐसी हरकत के खिलाफ प्रदर्शन करने बाध्य होगी जो बच्चों की भविष्य संवारने के बजाय चंदा दो जहां जाना है जाओ का खेल बंद करें एकल शिक्षक स्कूलों में नियुक्त करने का हिम्मत दिखाते तो आम आदमी पार्टी नारायणपुर समर्थन करती पर ये खेल समझ नहीं आया लुट निति है या कुटनिति।

# कोर्ट में उप वर्गीकरण से आरक्षण समाप्त हो जाएगा

**कुरूद, 7 अगस्त।** देश के सुप्रीम कोर्ट ने एससी एसटी आरक्षण को समाप्त करने के दृष्टिकोण से आरक्षण के अंदर आरक्षण का उप वर्गीकरण का फैसला दिया है, वह संवैधानिक है.इससे एससी एवं एसटी की जातियां बट जाएगी और एक ही वर्ग के अंदर उच्च नीच का भेदभाव पैदा होगा. कोटे के अंदर कोटे का उप. वर्गीकरण से एससी एसटी का आरक्षण पूर्णता समाप्त हो जाएगा.

उपरोक्त बातें भारतीय मूल निवासी समाज के संस्थापक पंडित शंकर दादा, सर्व आदिवासी समाज के धमतरी जिला अध्यक्ष जे. एल.ध्रुव तथा पिछड़ा वर्ग संयोजन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट शत्रुघ्न साहू ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही है. उन्होंने कहा है कि यह सरकार की सोची समझी चाल है जिसे सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से संवैधानिक रूप से करवाया गया.छत्तीसगढ़ में गोड,सतनामी और सरगुजा से हल्बा जाति को आरक्षण से बाहर किया जा सकता है. उन्होंने कहा है कि चतुर्थ श्रेणी के शासकीय कर्मचारी से लेकर राजपत्रित अधिकारी और नेता मंत्री तथा 10 एकड़ जमीन वाले किसानों को भी आरक्षण से बाहर कर सकते हैं.एससी एसटी समाज के गरीब, किसान, मजदूर को यदि आरक्षण के बंटवारे में एक दो प्रतिशत मिल भी जाएगा तो वह अपने बच्चों को नौकरी में भेज भी नहीं सकते.क्योंकि वह उच्च शिक्षा तो क्या माध्यमिक शिक्षा तक नहीं पढ़ा पाएंगे.फिर एक भी योग्य नहीं पाए गए ऐसा सील मोहर लगाकर आपके आरक्षण में स्वर्ण को सीधी भर्ती दे देंगे. जो समाज लड़ता नहीं वह हक अधिकार मान सम्मान नहीं पा सकता. सामाजिक नेताओं ने कहा है कि इसलिए अपने समाज के भविष्य के लिए एससी एसटी दोनों समाज 21 अगस्त को धमतरी में 50000 की संख्या में उपस्थित होकर सरकार को समाज की ताकत का एहसास कराएं. ओबीसी समाज को भी अपने 27 परसेंट आरक्षण के लिए आंदोलन करना चाहिए।

# शासकीय बालक स्कूल में मेगा पालक-शिक्षक संगम का सफल आयोजन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 7 अगस्त।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर में एक महत्वपूर्ण संकुल स्तरीय मेगा पालक-शिक्षक संगम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुदीप झा (स्वछ्ष्ट अध्यक्ष) विशिष्ट अतिथि अजय प्रसाद रंघाटी और प्राचार्य मनोज बागड़े उपस्थित रहे। इस संगम में संकुल के शिक्षकगणों और पालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।संगम के दौरान 11 महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं संर्वागिण विकास के लिए विद्यालय एवं पालकों की मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए बच्चों की संपूर्ण गतिविधियों को अवगत कराने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में पालक-शिक्षक मेगा बैठक आयोजित किया गया है। जिले में शिक्षा सर्त्र2024-25 में पालक शिक्षक की बैठक तीन बार आयोजित किया जाएगा। प्रथम बैठक पालक - शिक्षक मेगा बैठक संकुल स्तर पर 6 अगस्त को आयोजित हुआ, द्वितीय बैठक विद्यालय स्तर पर तिमाही परीक्षा के बाद 10 दिवस के भीतर तथा तृतीय बैठक छरूमाही परीक्षा के बाद 10 दिवस के भीतर आयोजित की जाएगी। मुख्य अतिथि सुदीप झा ने अपने उद्बोधन में आह्वान किया कि शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चों के सपनों को पंख लगाएँ, उनकी प्रतिभा को निखारें और उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करें। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा सहयोग है, जो न केवल बच्चों के जीवन में, बल्कि पूरे समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने शिक्षकों और पालकों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सुदीप ने आगे कहा कि विद्यालय में आयोजित की जाने वाली पालक शिक्षक बैठक का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एवं पालकों की बिच बेहतर संबंध स्थापित करना बच्चों की संपूर्ण गतिविधियों से पालको को अवगत कराना है, जिससे बच्चों को सतत प्रेरणा एवं उचित मार्गदर्शन मिल सके। शिक्षक एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप ड्रॉप आउट रोकने के लिए पालकों की भूमिका सुनिश्चित करना साथ ही बच्चों की काउंसलिंग करते हुये उन्हें परीक्षा के तनाव से मुक्त कराना है। प्राचार्य मनोज बागड़े ने इस संगम को सफल बनाने में सभी के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने ने इस अवसर पर पालकों से सीधा संवाद किया, उनकी चिंताओं और आकांक्षाओं को समझने का प्रयास किया। पालकों ने खुलकर अपने विचार रखे और बताया कि उनकी सबसे बड़ी कामना अपने बच्चों का लक्ष्य प्राप्त करना है। उन्होंने शिक्षकों और स्कूल से सहयोग की अपेक्षा की ताकि उनके बच्चे अपने सपनों को साकार कर सकें। इस संवाद ने शिक्षकों और पालकों के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का निर्माण किया, जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस विशेष अवसर पर संकुल के होनहार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए विविध विषयों पर आधारित मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया। कंप्यूटर, चंद्रयान, गणित, जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र और भौतिक शास्त्र जैसे क्षेत्रों में उनके द्वारा बनाए गए मॉडल्स ने सभी को अचंभित कर दिया। इन मॉडल्स में विद्यार्थियों की गहन विषयगत समझ, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की झलक मिली। अभिभावकों ने अपने बच्चों की इस अद्भुत प्रतिभा को देखकर गर्व और प्रसन्नता व्यक्त की।व्याख्याता संगीता देवांगन ने कार्यक्रम में कुशल मंच संचालन किया। उनकी प्रभावी वाणी और प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और भी सफल बनाया।अंत में व्याख्याता श्वेता तिवारी ने इस सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया, विशेषकर अभिभावकों को जिन्होंने बारिश की परवाह किए बिना कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी बैठकों में भी अभिभावकों का उत्साह इसी तरह बना रहेगा।

# जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त हो रहे राशन कार्ड से संबंधित आवेदनों का तत्काल करें निराकरण:कलेक्टर



**जगदलपुर, 8 अगस्त ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि नगरीय निकायों में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त हो रहे राशन कार्ड से संबंधित आवेदनों का तत्काल निराकरण करवाएं। साथ ही सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित पेंशन योजनाओं की राशि का भुगतान बैंक सखी के माध्यम से करवाने की पहल की जाए। कलेक्टर श्री विजय मंगलवार की शाम समय-सीमा की बैठक जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में ली। बैठक में कलेक्टर ने पालक-शिक्षक मेगा बैठक की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन का मॉनिटरिंग, छात्रों की उपस्थिति, टीचर की उपस्थिति, छुट्टी हेतु ऑनलाइन आवेदन, स्कूल के मरम्मत की स्थिति, शाला त्यागी अप्रवेशी बच्चों की स्थिति का भी आगामी पालक-शिक्षक की बैठक में शामिल होने वाले जिला स्तरीय अधिकारी जांच करेंगे। उन्होंने जिला स्तर के अन्य अधिकारियों को भी स्कूल निरीक्षण के दायित्व देने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में समय-सीमा के प्रकरणों, जन शिकायत, जन चैपाल के मामलों का संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही कर निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, नक्सल प्रभावितों के परिजनों-आत्म समर्पित नक्सलियों के पुनर्वास, बादल अकादमी और ज्ञानगुड़ी केन्द्र के कार्यो की समीक्षा की गई। उन्होंने विभागीय कार्यो और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत् बैंक लिंकेज के माध्यम से अधिक से अधिक महिला स्व-सहायता समूहो को रिवाल्विंग फंड की उपलब्धता को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंक सखी द्वारा ट्रांजेक्शन, स्व-सहायता समूहो के सदस्यों को बीमा योजना से लाभ की समीक्षा की। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, वित्तीय वर्ष के आधार पर विशेष केन्द्रीय सहायता अन्तर्गत स्वीकृत अपूर्ण कार्यो का, पीएम आदि आदर्श ग्राम योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यो, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रगति, चिरायु योजना में स्कूली बच्चों का जांच करवाने, स्वास्थ्य विभाग के निर्माणाधीन भवनों की प्रगति, शालाओं में पोषण वाटिका-किचन गार्डन विकसित, उल्लास पोर्टल में विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों की विकासखण्डवार एन्ट्री की समीक्षा की गई।कलेक्टर ने 433 पंचायत में मनरेगा का मानव दिवस सृजित करने लक्ष्य तय कर कार्यो का प्रगति देने के निर्देश दिए। उन्होंने अमृतसरोवर की प्रगति और पंचायत स्तर पर अपूर्ण विकास कार्य की वित्तीय वर्ष के आधार पर समीक्षा कर कार्यो को प्रगति देने के निर्देश दिए। बैठक में खाद्य विभाग द्वारा नवीनीकरण किए जा रहे राशनकार्डो और निरस्तीकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बस्तर व लोहण्डीगुड़ा में निरस्तीकरण के आवेदनों पर विशेष कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विकासखण्ड और नगरीय निकायों में ऑफलाईन प्रक्रिया से संचालित उचित मूल्य दुकानों की निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पीडीएस बारदाने संकलन के लिए बस्तर, बकावंड पर विशेष ध्यान देने कहा। साथ ही विभाग के संबद्ध कार्य एजेंसियों से चावल जमा करवाने की स्थिति, पीडीएस दुकानों में खाद्यान भण्डारण की स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, वनमण्डलाधिकारी श्री उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे

## आजादी के पर्व का जिला स्तरीय कार्यक्रम डॉ. शोभाराम देवांगन स्कूल में होगा

**धमतरी 7 अगस्त।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने बीते दिन जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी 15 अगस्त को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। स्थानीय डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल परिसर में सुबह नौ बजे से आयोजित होने वाले मुख्य समारोह को गरिमामय और रूचिपूर्ण तरीके से मनाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए कलेक्टर सुश्री गांधी ने सभी शासकीय/सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों में की जाने वाली रोशनी के साथ ही निजी संस्थाओं में भी ध्वज फहराने और रात में भवनों में रोशनी करने की अपील की है। ज्ञात हो कि स्वंतत्रता दिवस समारोह में नक्सली हिंसा के शहीदों के परिवारजनों को सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी कार्यालयों में सुबह साढ़े सात बजे तक ध्वजारोहरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इस दौरान ध्वजारोहण में पूरी सावधानी बरतने भी कहा। समारोह के सफल संचालन के लिए कलेक्टर सुश्री गांधी ने मुख्य समारोह स्थल की साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कर लेने के निर्देश आयुक्त नगर निगम को दिए हैं। साथ ही मंच, निमंत्रण कार्ड छपाने, आगंतुकों का स्वागत, कानून व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, माइक, जनरेटर, मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, मार्च पास्ट इत्यादि के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा ।

# पालक-शिक्षक समन्वय से बच्चों का बेहतर भविष्य तय होगा :कलेक्टर



**बीजापुर 7 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी संकुलों में संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन व्यापक स्तर पर आयोजित हुआ। शिक्षकों के साथ-साथ पालकों में भी बैठक को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक बैठक का आयोजन सम्पन्न हुआ। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने स्वयं बीजापुर एवं भोपालपटनम ब्लाक विभिन्न बैठकों में शामिल होकर पालकों को संबोधित किया। कलेक्टर ने बीजापुर ब्लॉक के स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल, भोपालपटनम ब्लॉक के संगमपल्ली कन्या आवासीय विद्यालय एवं नगरीय निकाय भोपालपटनम में आयोजित बैठक में शामिल हुए। बीजापुर एवं भोपालपटनम में एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत वृक्षारोपण भी किया।बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षकों एवं पालकों को संयुक्त रूप से प्रयास करना आवश्यक है। बच्चों की दिनचर्या पर सतत निगरानी रखने उनको सकारात्मक वातावरण प्रदान करने सहित नैतिक रूप से सक्षम बनाना जरूरी है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में कलेक्टर ने पालको को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बच्चों का भविष्य बेहतर होगा शिक्षा के साथ-साथ मानवीय मूल्यों की समझ होगी, परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए बेहतर शिक्षा जरूरी है। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में बीजापुर जिले में किए जा रहे नवाचार से पालकों को अवगत कराते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्वस्थ मानसिकता बेहतर एवं गुणवत्ता युक्त पौष्टिक आहार हेतु मीनू चार्ट को एकरूकता बनाते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिसका कड़ाई से पालन करवाया जा रहा है। इसी क्रम में भोजन की गुणवत्ता को परखने पालकों को भी शामिल किया गया है। आवासीय स्कूलों में बच्चों से मिलने आने वाले पालकों के लिए कक्ष आरक्षित किया गया है। जिसमें छुट्टी के दिन बच्चों को मिलकर उनके साथ भोजन कराने की भी शुरूआत हो चुकी है जो कि जिले में पहली बार बच्चों के पालक अपने बच्चों के साथ मिलकर भोजन की गुणवत्ता परख सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि समस्त गतिविधियों में पालकों को शामिल करने से और शिक्षक पालक संयुक्त रूप से बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में प्रयास करें जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। बीजापुर जिला प्रशासन द्वारा स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम स्कूल फिर चले हम व्यापक स्तर पर आयोजित करते हुए सात हजार से अधिक शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा गया।जिले के सुदूर क्षेत्रों में 20 वर्षो से बंद स्कूलों को पुनः संचालित कर हजारों नौनिहालों को शिक्षा दी जा रही है इस दौरान बीजापुर में आयोजित कार्यक्रमों में नगर पालिका अध्यक्ष श्री बेनहूर रावतिया एवं श्री जी वेंकट उपस्थित थे। वहीं भोपालपटनम में एसडीएम श्री वाय के नाग जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद एवं सीईओ श्री दिलीप उइके सहित अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण एवं पालकगण उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



## पर्यावरण संतुलित रखने के लिए ऑटो संचालक ने लगाये 151 पौधे

**पत्थलगांव, 7 अगस्त।** पौधे लगाना ही पर्याप्त नही है,पर्यावरण एवं हरियाली सरंक्षित रखने के लिए लगाये गये पौधो का सरंक्षण भी बेहद आवश्यक है। यह बातें प्रभु इंटरप्राईजेज के संचालक प्रभु शंकर नायक ने पर्यावरण प्रेमियों को संबोधित करते हुये कही थी। बारिश के दिनो मे हरितिमा को बनाये रखने के लिए प्रभु ऑटो सेंटर के संचालक प्रभु नायक ने आज 151 पौधे लगाकर पर्यावरण संतुलित रखने की दिशा मे एक कदम बढाया। उन्होने नेशनल हाईवे के किनारे छाया एवं फ्लदार पौधे लगाकर उसके सरंक्षण की बातें दोहरायी। उनका कहना था कि हर एक व्यक्ति अपने जीवन मे एक पौधा लगाकर यदि उसका सरंक्षण करते है तो प्रकृति के बिगडते संतुलन को बनाया जा सकता है,उनका कहना था कि जिस तक पेडो की अंधाधुंध कटाई हो रही है उसके अनुपात हमारे द्वारा लगाये गये पौधे बहुत कम है। एक पौधे को वृक्ष बनने मे सालो साल गुजर जाते है,परंतु प्रगति की आड मे हजारो पेड हर साल काट दिये जा रहे है,जिससे प्रकृति का संतुलन बिगडता जा रहा है। उनका कहना था कि पिछ्ले कुछ वर्षो मे गर्मी के तेवर कई गुना बढ गये है,ऐसा वृक्षो के कटने के कारण संभवतः माना जा रहा है,यदि समय रहते व्यक्ति अपनी जिम्मेदारीयों को नही समझते है तो ग्लोबल वार्मिंग का असर सभी को उठाना पडेगा।

उन्होने पौधे लगाने के लिए स्वयं की ओर से मदद करने की बात कही,उनका कहना था कि कोई आम व्यक्ति भी यदि पौधा रोपण करना चाहता है तो उनके पास पौधे से लेकर उसे लगाने तक के संसाधन मौजुद है,जिसका लाभ आम जनता ले सकती है। उन्होने आने वाले समय मे भी पौधे लगाने का संकल्प लेते हुये उसके सरंक्षण की भी बातें कही।।

## एक नजर

### ग्राम बंगुरसिया में 26 लीटर महुआ शराब के साथ स्कूटी जब्त



**रायगढ़,7 अगस्त ।** दिनांक 04.08.2024 को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम बंगुरसिया में स्कूटी पर शराब का अवैध परिवहन कर रहे आरोपित राजू लकडा पिता सालिक राम उम्र 46 वर्ष साकिन बंगुरसिया बडे झरिया थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़ को शराब रेड की कार्रवाई कर पकड़ा गया है । थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम बंगुरसिया का राजू लकडा अपने एक्टिवा स्कूटी क्रमांक ष्ट्र 13ड्ड-6874 में अवैध रूप से बिक्री करने भारी मात्रा में महुआ शराब रायगढ़ की ओर ला रहा है । रेड कार्रवाई में आरोपित के कब्जे से मिले 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरिकेन और 2-2 लीटर वाली प्लास्टिक बाटल जुमला 26 लीटर महुआ शराब कीमती 2,600/- रूपये बरामद कर परिवहन में प्रयुक्त एक्टिवा स्कूटी क्रमांक ष्ट्र 13ड्ड-6874 समेत जप्त किया गया है । आरोपित के कृत्य पर थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2),59(क)आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है । शराब रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक सुमन चौहान, आरक्षक अभय यादव और चन्द्र कुमार बंजारे शामिल थे । चक्रधरनगर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक, रायगढ़ के माध्यम से शराब प्रकरण में जप्त स्कूटी वाहन को राजसात की कार्रवाई के लिए जिला दंडाधिकारी रायगढ़ को पत्र प्रेषित किया जावेगा ।

### जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में वार्डवासियों ने की नल से पानी न आने की शिकायत



**पत्थलगांव, 7 अगस्त।** छ.ग. शासन के नगरीय प्रशासन द्वारा मिले निर्देश के बाद नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्ड मे जनसमस्या निवारण पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। दिन मंगलवार को यह आयोजन पुराना बाजारपारा के आंगनबाडी केन्द्र मे वार्ड क्रमांक 9,10,11 के लोगो के लिए आयोजित किया गया था। जनसमस्या निवारण पखवाडा मे वार्डवासियों ने बढचढ कर अपनी समस्याओ को अधिकारीयों के समक्ष रखा। 160 से भी अधिक आवेदन समस्याओ से संबंधित प्राप्त हुये। वार्डवासियों ने अपने यहा नल से पर्याप्त पानी ना मिलना,स्ट्रीट लाईट की कमी,नालियों की निरंतर सफाई,भवन के लिए अनुज्ञा मिलने मे लेट लतीफी,वार्ड की सडको मे गडढे बनना जैसी एक दर्जन से भी अधिक समस्याओ को नगर पंचायत के अधिकारीयों के समक्ष रखा। दरअसल नगरीय प्रशासन के निर्देश के बाद 27 जुलाई से 10 अगस्त तक नगर पंचायत के 15 वार्ड मे जनसमस्या निवारण पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। आज पुराना बाजारपारा के आंगनबाडी केन्द्र मे नगरीय प्रशासन एवं विभाग अंबिकापुर के सुंयक्त संचालक बी.आर चौहान मौजुद थे,पार्षद अजय बंसल,सुनील अग्रवाल,अशोक गुप्ता के अलावा नगर पंचायत सी.एम.ओ जावेद खान,राजेन्द्र साहु,वेदराम साहु,रामप्रसाद यादव,शशि प्रभा ओझा,गिरवर दास भी जनसमस्या निवारण पखवाडा मे शामिल हुये। तीनो ही वार्ड के नागरिको ने समस्याओ के निराकरण की जल्द से जल्द दरख्वाश लगायी। वार्ड क्रमांक 9,10,11 की महिलाओ ने राशनकार्ड,राष्ट्रीय परिवार सहायता,वृद्धा पैंशन,समाजिक सुरक्षा पेंशन,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र,अनापत्ति प्रमाण पत्र के भी आवेदन अधिकारीयों के समक्ष प्रस्तुत किये। नगर पंचायत के सी.एम.ओ जावेद खान का कहना था कि जन समस्या निवारण पखवाडा के बीच वार्ड की जनता से सीधे मिलकर संवाद करने से नगर पंचायत के प्रति आमजन का विश्वास एवं सदभाव बढेगा। वही सालो से लंबित मामलो का जल्द निराकरण हो सकेगा।।

# मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में सुशासन स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं: योगेश्वर

**महासमुंद,7 अगस्त।** जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी मांग व समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं। शहर के वार्ड क्रमांक 21 व 22 के जन समस्याओं एवं मांग संबंधी समाधान के लिए शासकीय प्राथमिक शाला गुरुघासीदास वार्ड में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदीप चंद्राकर, पार्षद देवीचंद राठी, पार्षद हेमलता यादव, पार्षद मुन्ना देवार, प्रकाश शर्मा, जगन्नाथ छुरा, चंद्रशेखर बेलदार, वीरेंद्र महंती, डोमार तांडी मौजूद रहे।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित कार्रवाई करने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शासन, प्रशासन और आम जनता मिलकर विकास की हर सम्भावनाओं को पूरा करने के लिए विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ राज्य बनायेंगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य नगरीय समस्याओं का तत्काल और समय-सीमा में निराकरण करना है। शिविर के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर ने प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित कार्रवाई करने उपस्थित अधिकारियों को कहा। द्वितीय सत्र में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पवन पटेल, पार्षद देवीचंद राठी, महेंद्र जैन, हेमलता यादव, पवन वर्मा, प्रेम चंद्राकर, विक्रम ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



शिविर में राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, पेयजल, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग से संबंधित आवेदनों के अलावा शिविर में जन्म-मृत्यु, शहरी आजीविका मिशन, समाज कल्याण, महिला बाल विकास, भवन अनुज्ञा, सामाजिक पेंशन, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

- मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में विभिन्न मांग एवं समस्याओं से संबंधित 172 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड से संबंधित 06 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

## शहर को स्वच्छता में राष्ट्रीय पुरस्कार व विकास में आप सभी की भागीदारी:राशि महिलांग



**महासमुंद, 7 अगस्त।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग का 5 अगस्त को दो वर्षीय अध्यक्षीय कार्यकाल पूर्ण होने पर सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत कर सम्मान किया। कार्यालय पहुंचने पर नपाध्यक्ष का सीएमओ लवकेश कुमार के साथ समस्त शाखा प्रमुख अधिकारी-कर्मचारियों ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। बाद कार्यालय परिसर में स्वच्छता दीदियों ने पुष्प वर्षा और माला पहनाकर उनका स्वागत कर मुंह मीठा कराया और दो वर्ष के सफल कार्य के लिए बधाई दी। इस अवसर पर श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने स्वागत और सम्मान से भाव विभोर हो गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप सभी पालिका में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी मेरे लिए कर्मचारी नहीं बल्कि मेरे परिवार के सदस्य हैं। स्वच्छता के लिए मिला राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार हो या शहर में पिछले दो वर्षों में शहर में किए गए विकास कार्य, यह सब आप सभी के सहयोग बिना संभव नहीं था। आप सभी से वर्तमान कार्यकाल और आगामी समय में हमेशा सहयोग की अपेक्षा रहेगी। इस दौरान स्वच्छता निरीक्षक दिलीप कश्यप, जल प्रभारी सीताराम चेलक, करण यादव, मिशन क्लीन सिटी प्रभारी नीतू प्रधान, नोशाद बक्श, प्रेमशीला बघेल, ममता बग्गा, राखी ठाकुर, रमा, जयकिशन सोना, गुमान ध्रुव, जितेंद्र महंती, शुभम सोना, इंदर सिंह ठाकुर, अन्नपूर्णा पाल समेत अन्य मौजूद रहें।

### मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिकाओं के रिक्त पद के लिए 21 अगस्त तक आवेदन

**रायगढ़, 7 अगस्त।** एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा जिला-रायगढ़ अंतर्गत मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 08 रिक्त पद एवं आंगनबाड़ी सहायिका के 06 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदिका अपना आवेदन कार्यालयीन 21 अगस्त 2024 तक सायं 5.30 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा जिला-रायगढ़ में सीधे जमा अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजा सकते है। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्र प्राप्त होने पर उस पर विचार नहीं किया जायेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु परियोजना कार्यालय लैलूंगा के सूचना पटल पर पद का नाम, केन्द्र का नाम तथा आवेदन पत्र हेतु अर्हताएं का अवलोकन कर सकते है। सभी आवेदनकर्ता अपना आवेदन भली भांति पढ़कर समस्त वांछित दस्तावेज सहित जमा करेंगे।

## जिले के सभी 184 संकुलों में पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन



**महासमुंद।** जिले के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी शालाओं में पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने और उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने तथा बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आंकलन कर पालकों के साथ समन्वय साधते हुए संयुक्त रूप से परिणाम उन्मुखी प्रयास करने के लिए मंगलवार 06 अगस्त को जिले के सभी 184 संकुलों में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार मेगा पालक-शिक्षक बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा एवं बिरकोनी में आयोजित संकुल स्तरीय मेगा पालक शिक्षक बैठक कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर लंगेह ने पालकों से चर्चा करते हुए कहा कि अपने बच्चों की गतिविधियों और पढ़ाई की स्तर को नियमित रूप से परखने के लिए उनसे चर्चा करते रहें। यह सुनिश्चित करें कि बच्चे स्कूल से आने के पश्चात होम वर्क अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के गुणवत्ता के स्तर को बढ़ाने के लिए पालक और शिक्षक नियमित रूप से संवाद कर स्थानीय स्तर पर ही समाधान करें। बैठक में पालकों ने स्कूल परिसर के आसपास व्याप्त नशाखोरी और नशीले टेबलेट व दवाइयों के विक्रय पर रोक लगाने की बात कही। कलेक्टर ने ऐसे समस्त दुकानों और ठेलों में जांच करते हुए कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पालकों ने जाति प्रमाण पत्र संबंधित समस्या के संदर्भ में भी कलेक्टर को अवगत कराया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा में कक्षा 12वीं के छात्र आदित्य देवांगन को राष्ट्रीय बाल विज्ञान कार्यशाला में प्रथम आने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कलेक्टर ने चर्चा के दौरान कहा कि बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रखें। साथ ही शिक्षकगण भी अध्यापन के दौरान मोबाईल का उपयोग न करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई शिक्षक नशा कर स्कूल में आते है तो उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पालकों ने बेहतर शिक्षण के लिए और भी सुझाव दिए। इस अवसर पर बेलसोंडा में एक पेड़ मां के नाम के तहत आंवला पेड़ का रोपण किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर, डीआरसी जागेश्वर सिन्हा, संबंधित स्कूल के प्राचार्य, सरपंच, संकुल समन्वयक, शिक्षकगण, पालकगण एवं समिति के सदस्य मौजूद थे।उल्लेखनीय है कि बच्चों के माता पिता के प्रथम चरण के अंतर्गत जिले में मंगलवार 06 अगस्त को संकुल स्तर पर आयोजित कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपादित करने जिले के सभी अधिकारियों को 01-01 संकुल की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। जिले के सभी अधिकारियों को संबंधित संकुल केंद्रों का निरीक्षण कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रतिवेदन करने का निर्देश दिया गया है। पालक शिक्षक संवाद में पालकों को बच्चों के लिए यथासंभव घर में पढ़ाई के लिए मेरा कोना-स्टडी कॉर्नर के रूप में एक निश्चित स्थान तय करने की बात बताई गई। इसी प्रकार छात्रों के लिए एक आदर्श दिनचर्या कैसी हो इसकी जानकारी दी गई।बच्चों ने आज क्या सीखा के तहत पालकों की सहभागिता बढ़ाने के साथ उनकी प्रोग्रेस मॉनिटर करने में सहायता मिलेगी। बच्चा बोलेगा बेझिझक से बच्चों के अंदर स्टेज में बोलने के भय को दूर करना और पब्लिक स्पीकिंग और लीडरशिप क्वालिटी बढ़ाने पर काम होगा। बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा का उद्देश्य पालकों और छात्रों को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव को दूर करना और अच्छे अंक लाने के लिए प्रोत्साहित करना है। पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, बस्ता रहित शनिवार के अंतर्गत अन्य ज्ञानवर्धक गतिविधियों से छात्रों को जोड़ना, विद्यार्थियों के आयु, कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी देना, न्योता भोज के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना, विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षा के लिए पालकों एवं छात्रों को अवगत कराना, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र निर्माण और नई शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## जनदर्शन में पहुंच कलेक्टर को जनसामान्य ने बताई समस्याएं

**रायगढ़, 7 अगस्त।** जन सामान्य की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रारंभ जनदर्शन में जिले भर से लोग पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल से अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन सौंपे। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का जनदर्शन में ही निराकरण कर अवगत करवाने के साथ ही शेष आवेदनों का अतिशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

घरघोड़ा निवासी शांति बाई शर्मा बैटरी चलित ट्रायसाइकल की मांग लेकर जनदर्शन में पहुची थी। उन्होंने कलेक्टर श्री गोयल से कहा कि उनकी उम्र 55 वर्ष है एवं दोनो पैरों से पूर्णतः दिव्यांग है, जिससे चलने-फिरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बैटरी चलित ट्रायसाइकल प्रदान करने का आग्रह किया। इसी प्रकार रायगढ़ किरोड़ीमल नगर निवासी श्री रामाशिश मेहता ने बताया कि वे भी दिव्यांग है एवं आस-पास ट्यूशन पढ़ा कर जीवन-यापन कर रहे है। दिव्यांगता का प्रतिशत कम होने के कारण उन्हें हस्त चलित ट्रायसायकल मिला है, जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर श्री गोयल से बैटरी चलित सायकल प्रदान करने का निवेदन किया। उक्त दोनों आवेदनों पर कलेक्टर श्री गोयल ने समाज कल्याण विभाग को विधिवत निराकरण के निर्देश दिए। पंजरी प्लांट रायगढ़ निवासी श्री प्रेम सिंह राजपूत नाली पर हुए कब्जे हटाने की मांग



लेकर जनदर्शन में पहुचे थे। उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 28 ऑडिटोरियम के सामने नाली को पाटकर कब्जा किया गया है। जिससे नाली का पानी सड़क पर आ रहा है। जिससे वहां डेंगू का खतरा बना हुआ है। उन्होंने उक्त कब्जा को हटवाने का आग्रह किया। इसी प्रकार बालसमुंद रायगढ़ निवासी सुखदेव चौहान राशन कार्ड बनवाने की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वह दिव्यांग है एवं उनके पास जीवन यापन का कोई साधन नहीं है। उन्होंने कलेक्टर श्री गोयल से राशन कार्ड बनवाने का निवेदन किया। कलेक्टर श्री गोयल ने आवेदन पर आयुक्त नगर निगम को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

विकास खंड घरघोड़ा के ग्राम पंचायत बगचबा के ग्रामीणों ने सीसी रोड़ के गलत मापदंड एवं गुणवत्ताहीन निर्माण की शिकायत लेकर जनदर्शन में पहुचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में सीसी रोड स्वीकृत हुआ है जिसका निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें निर्धारित मापदंड का पालन नहीं करने के साथ ही गुणवत्ताहीन निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने निर्धारित मापदंड अनुसार निर्माण एवं गलत तरीके से निर्माण पर उचित कार्यवाही की मांग की। आवेदन पर कलेक्टर श्री गोयल जनपद सीईओ घरघोड़ा को अभिमत सहित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उच्चभिट्ठी निवासी सुनीता देवी पीएम आवास की मांग लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि पति-पत्नी दोनों दिव्यांग हैं, उनके पास स्वयं का जमीन है, जिसमें पीएमआवास के तहत घर बनवाना चाहती है। उन्होंने योजना का लाभ प्रदान करने का निवेदन किया। आवेदन पर कलेक्टर श्री गोयल ने आयुक्त नगर निगम को पात्रता परीक्षण कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार महापल्ली निवासी अमृता सूपकार महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदान करने की मांग लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वह अंत्योदय कार्डधारी गरीब महिला है। उन्होंने महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदान करने का आग्रह किया। कलेक्टर श्री गोयल ने डीपीओ महिला बाल विकास को आवेदन पर उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री महेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया भोपालपटनम ब्लॉक का औचक निरीक्षण



**बीजापुर,7 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने भोपालपटनम भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत गोरला पहुंचे जहां चिंतावागु नदी की तेज बहाव का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री पाण्डेय ने दोनो ग्राम पंचायतों की बुनियादि सुविधाओं की जानकारी ली। ज्ञात हो कि नदी में तेज बहाव हो रही है ऐसे में गंजी एवं अन्य सहारे से ग्रामीणों द्वारा नदी पार करने की जानकारी मिलने पर वस्तुस्थिति का जायजा लिया वहीं नगर सेना की टीम मौके पर मौजूद थी।कलेक्टर ने मीनूर एवं गोरला के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से आवश्यक चर्चा की जिसमें बताया गया कि माह अगस्त का राशन मीनूर के कुछ ग्रामीणों द्वारा नहीं लिया गया है। कलेक्टर ने राशन एवं अन्य कारणों से जान जोखिम में डालकर नदी पार नहीं करने की समझाइस दी। वहीं राशन को नगर सेना की टीम द्वारा बोट के माध्यम से पहुंचाने के निर्देश खाद्य विभाग एवं नगर सेना को दिए।सरपंच मीनूर को नगर सेना द्वारा प्रदाय किये जा रहे राशन को संबंधित ग्रामीणों को उपलब्ध कराने को कहा। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों एवं अन्य सभी ग्रामीणों को नदी पार नहीं करने की समझाइस देते हुए दिन में दो बार नगर सेना की टीम की उपस्थिति में निर्धारित समय पर ही आवश्यक कार्य होने से पूरी सुरक्षा के साथ नदी पार करने को कहा। एसडीएम श्री वाय के नाग एवं सीईओ श्री दिलीप उइके को नदी पार करने का समय एवं चेतावनी बोर्ड दोनो तरफ लगाने के निर्देश दिए। वहीं नदी की स्थिति का स्थानीय कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कोई भी आपातकाल की स्थिति में त्वरित आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने को कहा।इस दौरान दोनो पंचायतों के ग्रामीणों को कलेक्टर श्री पाण्डेय ने अवगत कराया कि 8 करोड़ 44 लाख की लागत से पुल निर्माण की तकनीकी स्वीकृति हो चुकी है। प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। जिससे जल्द ही नदी पर पुल निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा जिससे आवागमन बाधित नहीं होगी। इस दौरान ग्राम पंचायत स्थित पीडीएस दुकान का भी अवलोकन किया गया और मीनूर पंचायत के ग्रामीणों को राशन संबंधी आवश्यक जानकारी ली गई।

### जिला चिकित्सालय में मनाया गया विश्व स्तनपान सप्ताह

**बीजापुर,7 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला चिकित्सालय बीजापुर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीआर पुजारी के मार्गदर्शन में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया जिसमे सिविल सर्जन डॉ रत्ना ठाकुर ,डीपीएम श्री राजीव रंजन मिश्रा डॉ मंगेश मस्के शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ लीना पुरैन मैम ( स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ सचिन पापरीकर (स्त्री रोग विशेषज्ञ) श्री असीम ज्योत एक्का ( हॉस्पिटल प्रबंधक) मानसी ताटपल्ली श्रीमती ममता कुलदीप (मैट्रन) श्रीमती गौरी हुसैन मैट्रन इंचार्ज की उपस्थिति में गर्भवती माताओं एवं शिशुवती माताओं को स्तनपान के महत्व एवं लाभकारी गुणों को हेल्थ एजुकेशन के माध्यम से विशेष जानकारी दी गई।



### कलेक्टर, एसडीएम ने मिठाई दुकानों एवं होटलों का किया निरीक्षण



**बीजापुर,7 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार बीजापुर एसडीएम श्री जागेश्वर कौशल एवं वरिष्ठ फूड सेफ्टी आफिसर श्री आशीष यादव ने बीजापुर शहर के विभिन्न मिठाई दुकान एवं होटलों का निरीक्षण किया जिसमें कन्हैया स्वीट्स का निरीक्षण करते हुए वरिष्ठ फूड सेफ्टी ऑफीसर श्री आशीष यादव को सैंपल कलेक्ट करने के निर्देश दिया गया।एवं सभी होटल व्यवसायियों को बरसात को देखते हुए साफ सफाई एवं खाद्य सामग्री में गुणवत्ता रखने की सलाह दी गई।

## शिवमंदिर से दान पेटी चोरी



**बीजापुर,7 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीती रात अज्ञात चोरों ने नगर के हृदय स्थल नेशनल हाईवे रोड पर सिथत शिव मंदिर के दान पेटी से रूपये चोरी की चोरी से पहले चोरों. ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरा को बंद कर दिया था इसके बाद चोरी. की यहां बतादें नेशनल हाईवे के इस सडक पर स्टींट लाईट लगी हुई है सामने स्वामी आत्मा नंद स्कूल भी है और.चौबीस घंटे इस मार्ग वाहनों की आवाजाही लगी रहती है बावजूद चोरों ने शिव मंदिर के दान पेटी से रूपये उडा लिए प्रातः जानकारी के बाद पुलिस को सूचना दी गई पुलिस जांच कर.रही है लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं लगा है ।

### सशिमं के बच्चों को चाकलेट एवं बिस्किट पैकेट बांटे



**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद को संचालित करने वाली आदर्श शिक्षा मंडल समिति के पूर्व उपाध्यक्ष एवं स्थायी सदस्य राजेश लूनिया द्वारा अपने पिता स्व. सोहनलाल लूनिया की पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 4 अगस्त को कक्षा अरूण के 50 भैया बहनों का प्रवेश शुल्क स्वर्गीय पिता की स्मृति में विद्यालय को प्रदान कर विद्यालय को चॉकलेट एवं बिस्किट पैकेट का वितरण किया गया। राजेश लूनिया के इस पुनित कार्य के लिए आदर्श शिक्षा मंडल के अध्यक्ष घनश्याम सोनी, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र महोबिया, कोषाध्यक्ष महेश मक्कड़, सचिव भूपेंद्र राठौर, सह सचिव गोवर्धन प्रधान, सदस्य संध्या शर्मा व समस्त सदस्यगण, विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर एवं समस्त दीदी आचार्य ने आभार व्यक्त किया।

# जिले में एक सरकारी स्कूल ऐसा भी जो निजी स्कूलों से कम नहीं

■ अन्य सरकारी स्कूलों के लिये आदर्श एवं मॉडल बन चुके है ग्राम पंचायत गुडेलिया का सरकारी स्कूल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 7 अगस्त।** जिले मे एक ऐसा भी सरकारी स्कूल हे जो जिले के सरकारी स्कूलों के लिये मिशाल पैदा करती है हम बात कर रहे भाटापारा विकासखंड अंतर्गत आदर्श निर्मल ग्राम पंचायत गुडेलिया की जहाँ समुचित पढाई के संसाधन व्याप्त है साफ सफाई ,आकर्षक बैंच ,डिजिटल क्लास ,आईडी , पूर्ण यूनिफार्म, कम्प्यूटर ,सीसीटीवी कैमरा ,वाई फाई सुविधा खेलकूद संसाधन गुणवत्तायुक्त भवन,प्राकृतिक हरियाली आदि विशेषताओं से परिपूर्ण उक्त स्कूल जहाँ पर प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला लगती है गौरतलब है कि यह स्कूल सरकारी है परंतु संसाधनों व गुणवत्ता के मामले मे नीजी स्कूल को भी पीछे कर चुके है व जो भी अधिकारी उक्त स्कूल के निरीक्षण व आयोजित कार्यक्रम मे पहुचते है तो सराहना किये बगैर नही रहते यहां तक के जिले बलौदाबाजार के पूर्व कलेक्टर रजत बंसल ने उक्त स्कूल को आदर्श मॉडल मानकर अन्य सरकारी स्कूलों को भी इसी तरहा प्रेरित किये जाने की बात कही साथ ही जिला पंचायत सीओ जिला एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी ने भी इस स्कूल की सराहना की है गौरतलब है कि उक्त ग्राम क्षेत्र के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का आदर्श गौद ग्राम है

गौरतलब है की उक्त स्कूल मे एक समय दो सालों के अंतराल मे जो भी शिक्षक सेवानिवृत्त हुये उनकी पूर्ति स्थायी शिक्षक के रुप मे नही हो पाया परंतु स्कूली छात्र छात्राओं को उक्त प्रभाव से बचाने हेतु ग्राम पंचायत ने स्थानीय मद से 4 संविदा शिक्षकों की नियुक्ति की है जिसमे पढाई की व्यवस्था सुचारू रुप से संचालित हो रही है आदर्श ग्राम पंचायत गुडेलिया के स्कूल मे छात्र छात्राओं की दर्ज संख्या प्राथमिक शाला अंतर्गत 123 दर्ज संख्या है जिसमें बालक 58 व बालिका 65 है व पूर्व माध्यमिक शाला 98 बच्चे अध्ययनरत है जिसमें बलिका 55 व 43 बालक है ,गौरतलब है की स्थानीय पंचायत मद से कार्यरत 4 संविदा टीचर है स्थानीय गुडेलिया ग्राम से ही पढे लिखे है व अपने ज्ञान कि रोशनी आने वाले नवनिहाल भविष्य के लिये फैला रही है जिस पर उनके सेवा से जुडे मन के भाव जानने पर संविदाशिक्षक पार्वती ध्रुव (दिव्यांग) जो कि ग्रेजुएशन डिप्लोमा आईटीआई है जो कि चौथी व पाँचवी क्लास को पढाती है उन्होंने पंचायत का धन्यवाद किया जो कि छात्र छात्राओं को पढाने का सुअवसर प्रदान किया संविदा प्रमिला यादव ने बताया कि वह ग्रेजुएशन कम्प्यूटर आईटीआई पढी हुई है व स्थानीय पंचायत मद के सहयोग से 6 से 8वीं क्लास तक पढाई की सेवा दे रही है उन्होंने कहा की जो स्थानीय पंचायत प्रशासन अवसर दिया वह ज्ञान अब गाँव के बच्चों को बाटनें मे गौरान्वित महसूस होता है संविदा शिक्षक हेमन ध्रुव ने बताया कि वह एम. ए. की हुई है व पिछले 2 सालों से यह अपनी सेवा दे रही है उन्होंने कहा की हम बेरोजगार थे परंतु पंचायत के द्वारा यह अवसर प्राप्त हुआ जिसके लिये पंचायत को धन्यवाद ज्ञापित करते है

संविदा शिक्षक गोपाल साहू एम. ए. हिन्दी डीसीए कम्प्यूटर शिक्षा सेवा से जुडा कार्य है यह अवसर प्राप्त होना हमारा सौभाग्य है वही कक्षा आठवीं की छात्रा महक से पूछने पर स्कूल के सभी प्रकार के शैक्षणिक गतिविधियों पर हर्ष जताया अपने स्कूल को अपेक्षाकृत उत्कृष्ट स्कूल बताया

ग्राम का स्कूल और यहाँ के बच्चो को प्राइवेट स्कूल से भी अच्छी सुविधाय मिले इसके लिए हम लोग कार्य कर रहे है

हमने बच्चों को पूर्ण ड्रेस (जुता ,मोज़ा ,टाई , आईडी कार्ड )की सुविधा उपलब्ध कराई,इंगलिश और कंप्यूटर के क्षेत्र में भी अच्छे से अच्छे कार्य कर रहे है ताकि सभी बच्चे आगे अपना भविष्य अच्छा बना सके।पंचायत के माध्यम से ग्राम के पढ़े लिखे 4 टीचरों को सविंदा नियुक्त किए है जिससे पढ़ाई सुचारू रूप से चल रही है

संकुल समंवयक होने के नाते 6से 7 स्कूलों के शिक्षा से जुडे सम्पूर्ण गतिविधियों की निगरानी व जवाबदारी होती है ग्राम पंचायत गुडेलिया जिले का सर्वसुविधायुक्त स्कूल है वही शिक्षकों के अभाव को भी पंचायत स्तर पर शिक्षक नियुक्त कर पढाई जा रही है वही 6 अगस्त को मैगा पालक बैठक होना है जहाँ ग्राम पंचायत गुडेलिया को चुयनित किया गया है जिसमे पूरे संकुल केन्द्र से जुडे 1150 पालक आमंत्रित है वही स्थायी टीचरों मे लक्ष्मण सिंह ध्रव व कल्याणी वर्मा ने कहा कि स्कूल के समस्त गतिविधियों के कुशल संचालन हेतु ग्राम पंचायत के सरपंच लोकेश ध्रुव व उप सरपंच संकेत अग्रवाल से भरपुर सहयोग मिलता है पंचायत से नियुक्त टीचर का कार्य भी अच्छा है।

## एक नजर

### थल सेना अग्निवीर भर्ती के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जाएगा

**बलौदाबाजार, 7 अगस्त।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए अप्रैल 2024 में सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम घोषित किया जा चुका है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक परीक्षा 4 दिसम्बर 2024 से 12 दिसम्बर 2024 तक जिला रायगढ़ में आयोजित होना है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ऐसे सभी अभ्यर्थी जिन्होने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है, शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण अन्तर्गत अभ्यर्थी को 1.6 किमी दौड़, बीम पुल अप, 9 फीट गड्ढा कूदना, बैलेन्सिंग बीम में चलना इत्यादि निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जावेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बलौदाबाजार में 22 अगस्त 2024 तक उपस्थित होकर या कार्यालय के दूरभाष नम्बर 07727- 299443 के माध्यम से अनिवार्यतः दर्ज करा सकते है।

### पशु मालिकों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**बलौदाबाजार,7 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में यातायात को सुचारू रूप से संचालित एवं मवेशियों के दुर्घटना में कमी लाने के उद्देश्य से बलौदाबाजार एसडीएम ने तीन पशु मालिको के विरूध्द राजस्व न्यायालय में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-135 एवं धारा-126 के तहत सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए प्रकरण पंजीबध्द किए है। जिला कार्यालय के प्राप्त जानकारी अनुसार बलौदाबाजार नगर पालिका परिषद् के अंतर्गत वार्ड क्र.-6 निवासी पंचराम यादव, वार्ड क्र.-8 बंशी यादव एवं वार्ड क्र.-20 राजू यादव के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उक्त तीनों मवेशी मालिकों को पूर्व में ही मवेशीयों को घर में रखे जाने हेतु कई बार नोटिस दिया गया था,किन्तु बार-बार समझाइस के बावजूद भी पशु मालिकों के द्वारा मवेशियों को मोहल्ले सड़कों एवं गलियों में छोड़ा जा रहा है, जिससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो रहा था।

### महिला जनप्रतिनिधि स्वयं निर्णय लेने में सक्षम बनेः नायक

**बलौदाबाजार, 7 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में महिला उत्पीडन से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर जनसुनवाई की। डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज प्रदेश स्तर में 265वीं एवं जिला स्तर में 7वें नम्बर की सुनवाई हुई। आज की सुनवाई में जिला बलौदाबाजार - भाटापारा की कुल 34 प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे। जन सुनवाई के दौरान डॉ नायक ने कहा कि महिलाएं पुरुषों के साथ कन्धा से कन्धा मिलाकर चल रही हैं। महिला जनप्रतिनिधि सक्षम बने और अपने विवेक से निर्णय लें। सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका अपने बेटे के साथ उपस्थित हुई थी। अनावेदक क्र 03 पटवारी हल्का नं. 37 उपस्थित थी। आवेदिका ने बताया कि उसके पुश्तैनी जमीन ग्राम कसहीडीह मे कुल जमीन लगभग 28 एकड थी और 4 बेटे उसके हिस्सेदार थे जिसमें आवेदिका के पिता भी एक हिस्सेदार थे। आवेदिका और उसका एक भाई कुल पुश्तैनी जमीन का 1/4 अर्थात 7 एकड़ जमीन में हकदार था। अनावेदक क्र 1 और 2 आवेदिका के बड़े पिता के बेटे हैं और आवेदिका के गांव से 15 किमी की दूरी में उनका गांव है और वे अच्छे से जानते हैं कि आवेदिका और उसका भाई जिन्दा है फिर भी पुश्तैनी जमीन को धोखाधड़ी से आवेदिका और उसके भाई को मृतक बताकर तहसीलदार और पटवारी से मिलकर अपने नाम पर चढा लिया है।

### संकुल मेगा पालक-शिक्षक बैठक में 10 गांवों के पालक हुए शामिल

**छुरा 7 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन के आदेश अनुसार प्रदेशभर के 146 विकासखंडों के 5500 से अधिक शिक्षा संकुलों में आयोजित पीटीएम मेगा बैठक के अंतर्गत संकुल केंद्र पेंड्रा में हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में बैठक आयोजित हुई बैठक में अतिथियों के रूप में अलाराम ठाकुर पूर्व जनपद सदस्य प्रताप सिंह ठाकुर सरपंच भरुवामुड़ा ओंकारसिंह उपसरपंच अधारी राम ठाकुर एसएमडीसी अध्यक्ष खिलावन सकरिया सब इंजीनियर संकुल प्राचार्य प्रभारी चंद्रकुमार साहू संकुल समन्वयक नंद झरोखा कुर्रे वरिष्ठ प्रधान पाठक राजेंद्र वर्मा हरखराम नागेश सरपंच पति पेंड्रा प्रमिलाबाई एवं पंचगन मंचासीन हुए सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं पालकों का स्वागत संकुल की ओर से किया गया मेगा पीटीएम बैठक में स्वागत उद्बोधन और बैठक के उद्देश्य की जानकारी चंद्रकुमार साहू के द्वारा देते हुए बताया गया कि छात्र-छात्राओं के शैक्षिक शारीरिक मानसिक विकास के उद्देश्य से तथा नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को उचित शिक्षा मार्गदर्शन हेतु पालक शिक्षक मिलकर चर्चा कर सही राह निकाले संकुल समन्वयक कुर्रे ने शासन द्वारा निर्धारित 12 मुद्दों की जानकारी देते हुए मेरा कोना तथा छात्र दिनचर्या पर प्रकाश डाला राजेंद्र वर्मा ने बच्चें ने आज क्या सीखा बच्चा बोलेगा बेझिझक और परीक्षा पर चर्चा की जानकारी दी आगरदास अजगले ने पुस्तक उपलब्धता एवं बस्तर रहित शनिवार के विषय को स्पष्ट किया संतोष कुमार साहू ने कक्षा अनुरूप विद्यार्थियों की आयु स्वास्थ पोषण को रेखांकित करते हुए जाति निवास आय एवं न्योता भोज जैसे विषय पर अपनी बात रखी।

### दातून तोड़ने घर से निकली 90 वर्षीय वृद्धा लापता,पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की

**सिमगा 7 अगस्त।** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती जुगन बाई पति स्वर्गीय पुन्नी लाल देवांगन उम्र 90 वर्ष निवासी शीतला पारा सिमगा जो दिनांक 01 . 08 . 24 दिन गुरुवार की सुबह 7. 30 बजे घर से दातुन तोड़ने जाने की बात कह कर निकली थी लेकिन कई घंटे बाद भी घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने जुगन बाई की आस पास एवं अपने परिजनों के यंहा खोजबीन किया परंतु कोई पता नहीं चलने पर जुगन बाई के पुत्र खिलावन देवांगन ने थाना में सूचना दिया पुलिस ने सूचना पर गुमइंसान क्रमांक 33 / 24 दर्ज कर घुम जुगन बाई की पता तलाश कर रही है।



## दीक्षारंभ समारोह में छात्र-छात्राओं का स्वागत



भाटापारा 7 अगस्त। आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय के निर्देशानुसार गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय (छ.ग.) में 5 अगस्त को दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप ग्राम पंचायत देवरी के सरंपच सेवक राम साहू , ग्राम विकास समिति के कोषाध्यक्ष जीवन साहू , पंच बलराम वर्मा को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम संचालन डॉ. ऋषिराज पाण्डेय, सहायक प्राध्यापक (इतिहास) के द्वारा किया गया, इस कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके की गई इस अवसर पर महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं का स्वागत वरिष्ठ छात्र/छात्राओं के द्वारा तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया। नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के पालकगण भी इस कार्यकम में उपस्थित हुए तथा छात्र/छात्राओं के द्वारा रगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस कार्यकम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रीता दीवान एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. निधि मिश्रा, डॉ.ऋषिराज पाण्डेय, प्रो. ललित कुमार, प्रो. दिलीप कुमार सोनी, अतिथि व्याख्याता डॉ. महेन्द्र कुमार शर्मा, श्री अमन पाठक, श्रीमती अफरोज कुरैशी, कु. जागृति सा उपस्थित रहे।

## संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा ने श्मशान में पौधे लगवाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा 7 अगस्त।** संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा ने ग्राम पंचायत सरोरा के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव के श्मशान घाट की भूमि में शीशम, अशोक, गुड़हल, पीपल,कदम आदि केपौधे लगाए।संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा के एम डी विकास गोयल एवं भावेश खेतान ने कहा कि पौधरोपण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। साथ ही पेड़ों की देखरेख, सुरक्षा भी अत्यंत जरूरी है। वृक्षों का कटान नहीं करना चाहिए। वृक्षों के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। जैसे मानव में जीवन है, उसी प्रकार पेड़-पौधों में मनुष्य का जीवन निहित है। सरोरा के सरपंच बिहारी राम वर्मा ने पौधरोपण के महत्व की जानकारी दी और बताया कि पेड़ पौधों से पर्यावरण संतुलित रहता है इसलिए सभी को पौधों को लगाने की मूहिम में जुट जाना चाहिए। ताकि पर्यावरण हरा भरा रह सके तथा हमारी भावी पीढ़ी को स्वस्थ व स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सके। इसके लिए सबको पौधारोपण व पर्यावरण संरक्षण के प्रति ध्यान देना होगा। हमने भी हर परिवार को पौधारोपण के लिए प्रेरित करने को यह संकल्प लिया है। संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा की एम डी श्रीमती शीतल गोयल ने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुओं में पेड़ों का बहुत महत्व है जितने अधिक पेड़ होंगे पर्यावरण भी उतना ही शुद्ध रहेगा। पेड़ न केवल हमें शुद्ध ऑक्सिजन प्रदान करते हैं बल्कि पेड़ों के कारण ही हमें भरपूर वर्षा प्राप्त होती है। पेड़ की जड़े मिट्टी को बांध कर रखती हैं जिनसे भूमि कटाव भी नहीं होता व भूमि जल को अच्छे से अवशोषित कर लेती है। पेड़ न केवल कार्बन डाइऑक्साइड खींच लेते हैं बल्कि वातावरण से कई अन्य हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते हैं जिससे वातावरण को ताजगी मिलती है। पेड़ पर्यावरण को शांत भी रखते हैं।

## पालक-शिक्षक मेगा बैठक में 12 बिंदुओं पर दी जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा 7 अगस्त।** 6 अगस्त को बी एन बी नेवरा में संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया।सरस्वती, भारत माता व छत्तीसगढ महतारी के चित्रपट पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।राजगीत पश्चात उल्लास शपथ दिलाया गया।सभी अतिथियों का मोमेन्टो,पुष्प व बेच लगाकर स्वागत किया गया।शासन द्वारा निर्धारित 12 बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए डॉ राजेश चंदानी ने मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा ,छात्रवृत्ति, विभागीय योजना व डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षा हेतु पालकों व छात्रों को अवगत कराया ।इस कार्यक्रम में काऊंसलर, डाक्टर, मनोवैज्ञानिक, शिक्षाविद और जनप्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया जिन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।जिला नोडल श्रीमती प्राची मिश्राजी उप संचालक जिला योजना सांख्यिकी प्रारंभ से अंत तक उपस्थित रहीं।उनके विभाग से अजयकुमार लहरीजी भी पूरे समय उपस्थित रहे।उक्त आयोजन में 54 शिक्षक, 145 पालक और 16 जनप्रतिनिधि शामिल हुए। 5 पालकों ने अलग-अगल मुद्दे पर अपने विचार व्यक्त किए। मेडम काव्या पांगा ने अपने संबोधन में कहा कि पालक शिक्षक मिलकर बच्चों के सर्वागीण विकास में महती भूमिका निभा सकते हैं।राजेन्द्र वर्माजी ने बच्चों को सफलता के मंत्र बताकर उन्हें प्रोत्साहित किया।मिशन हास्पिटल से आए डॉ अभिजीत नंदा व उनके टीम द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से ड्राइविंग लाइसेंस के बाद ही गाड़ी चलाने,हेलमेट का उपयोग करने व नशापान से दूर रहने,जंगफूड का सेवन नहीं करने संबंधी बच्चों में जागरूकता हेतु प्रस्तुत कर प्रश्न के माध्यम से फीडबैक लिए। शिक्षाविद रघुनंदनलाल वर्मा सेवानिवृत्त प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह का बैठक प्रति माह आयोजित हो ताकि पालक शिक्षक का संबंध बना रहे तथा बच्चों के विकास की चर्चा अनवरत चलती रहे।बच्चों ने आज क्या सीखा तथा बच्चा बोलेगा बेझिझक पर अपनी बात रखे।विनोदकुमार वर्मा ने बच्चों की अकादमिक प्रगति, परीक्षा पे चर्चा के साथ पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करने संबंधी जानकारी दिए।भागीरथी पान्से प्रधान पाठक ने मंच का सफल संचालन करते हुए बस्ता रहित शनिवार और विद्यार्थियों के आयु/कक्षानुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी प्रदान किए। जाति आय निवास प्रमाण पत्र तथा न्योता भोज के बारे में विरेन्द्र टंडन सविस्तार बताए।पालक में से विजयकुमार राणेकर एवं प्रभा यादव अपनी बात रखे।विकासखंड शिक्षा अधिकारी एल के जाहिरेजी ने कहा कि हर समस्या का समाधान है जरूरत है पहल करने की।ऐसे बैठक से निश्चित ही हमारे बच्चों की बौद्धिक स्तर में विकास होगा।अनिल अग्रवाल जी ने कहा कि शासन बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।मंत्री छत्तीसगढ शासन टंकराम वर्माजी के द्वारा की गई।

## बच्चों का सर्वांगीण विकास पहली प्राथमिकता:अजीत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा 7 अगस्त।** संकुल स्तरीय मेगा पालक-शिक्षक बैठक का भव्य आयोजन बालक शाला छुरा प्रांगण पर संपन्न हुआ। शासन के निर्देशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ में शिक्षक एवं पालक के मध्य बेहतर समन्वय लाने हेतु एक ही तिथि पर एक ही समय में प्रत्येक संकुल में पालक शिक्षक बैठक आयोजन हेतु आदेशित किया गया था। पालकों को बच्चों की पढ़ाई में मदद हेतु समाधान कारक उपाय सुझाने, शासन के विभिन्न हितग्राही योजनाओं एवं शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु पालकों को विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर.के.ध्रुव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरा थे।अध्यक्षता वरिष्ठ प्राचार्य एनसी साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास अधिकारी सी.एल.साहू, प्राचार्य के.के. साहू, प्रदीप मिश्रा आसीन थे। विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं शिक्षाविद के.आर. सिन्हा, एस.आर. निषाद, सी.आर.सिन्हा मंचासीन थे।अतिथियों द्वारा मां शारदे की स्तुति कर बैठक की शुरुआत की गई। समन्वयक शंकर लाल यदु द्वारा सरस्वती वंदना, शिक्षिका मीना यादव द्वारा स्वागत गीत, शिक्षिका श्यामा नेताम, सबीना नाज, मोहनी गोस्वामी द्वारा प्रेरणा गीत की प्रस्तुति दी गई। स्काउट गाइड के महत्वपूर्ण अंग कब-बुलबुल द्वारा सभी पालकों, शिक्षकों, शिक्षाविद सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग रायपुर संभाग के सहायक संचालक अजीत सिंह जाट निरीक्षण हेतु उपस्थित हुए। जाट ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के सर्वागीण विकास में पालक और समुदाय की भागीदारी महत्वपूर्ण है।शाला त्यागी बच्चों के घर तक जाकर उन्हें विद्यालय आने हेतु प्रेरित करें। उनकी समस्याओं का समाधान घर तक जाकर करें ताकि वे शिक्षा का महत्व समझें और शिक्षित होकर जिम्मेदार नागरिक बन सके। बैठक में पालकों की उपस्थिति देखकर बहुत प्रसन्न हुए और विशेषकर मातृशक्ति की भारी संख्या देखकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बालकों के विकास में माताओं की भागीदारी मील का पत्थर साबित होगा।

### रीकोकला में पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन

## नोडल अधिकारी की मौजूदगी में दी गई बच्चों के सर्वांगीण विकास की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सोनाखान/कसडोल 7 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य के बलौदाबाजार- भाटापारा जिला में दस्तक अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत कसडोल के ग्राम पंचायतों में नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर ग्राम पंचायतों सह- आश्रित ग्रामों में संचालित विभिन्न विभागों के गतिविधियों तथा संचालित विभिन्न योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन हेतु प्रतिमाह के प्रथम सप्ताह में निरीक्षण किया जाकर प्रतिवेदन प्राप्त किया जाना है जिसकी समीक्षा प्रतिमाह कलेक्टर जिला बलौदाबाजार -भाटापारा द्वारा समय-समय पर किया जाना है ! तदनुसार जनपद पंचायत कसडोल से आबंटित ग्राम पंचायत में निरीक्षण एवं विभागीय गतिविधियों के प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने एवं दस्तक एप में एंट्री करने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को विकासखंड के विभिन्न अंकित ग्रामों में नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है!

जिसके अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग कसडोल परियोजना के टुंडरा सेक्टर की महिला पर्यवेक्षक श्रीमती शीला धृतलहरे को सोनाखान परियोजना के चांदन सेक्टर के अंतर्गत वनग्राम रीकोकला में नोडल अधिकारी बनाकर भेजा गया है ! जहां आज दिनांक 6 अगस्त 2024 को नोडल अधिकारी श्रीमती शीला धृतलहरे व स्कूल समन्वयक गेंद कुमार दीवान , प्राचार्य सुरेश कुमार बरिहा एवं अन्य शिक्षकों द्वारा पालक- शिक्षक मेगा बैठक में उपस्थित होकर बच्चों के पालकों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए समग्र जानकारी प्रदान की गई ! पालक- शिक्षक मेगा बैठक में बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु पहल की गई है ! पालक -शिक्षक बैठक में शिक्षकों की उपस्थिति की संख्या 20 रही ! बैठक में उपस्थित पालकों की संख्या 50 रही! दस्तक ऐप डाउनलोड कराए गए पालकों की संख्या 5 रही ! उपस्थित पालकों ने जो मुद्दे उठाए उनकी संख्या 4 रही ! बैठक में उपस्थित काउंसलर की संख्या 1थी ! इस प्रकार 6 अगस्त 2024 को सोनाखान के वनांचल ग्राम रीकोकला में शिक्षक -पालक मेगा बैठक कार्यक्रम का आयोजन सफल रहा!

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202408092200015**

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2023-2024
बछेराभाठा प.ह.न. 00026 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- तोषी बाई,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका तोषी बाई आ. भगवानी राम जाति तेली मा. बछेराभाठा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका स्वयं तोषी बाई आ. भगवानी राम का जन्म दिनांक 27.12.1977 को स्थान बछेराभाठा में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.08.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/08/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202408092200021**

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2023-2024
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- मीरा बागडे,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मीरा बागडे पति केशव बागडे जाति लोहार सा. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्री कंचन बागडे आ. केशव बागडे का जन्म दिनांक 24.11.1994 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.08.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/08/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) तहसीलदार
डोंगरगढ़

**कार्यालय नगर पंचायत कुरुद, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

पता-पुराना बाजार चौंक कुरूद, फोन-7705-223149, फैक्स-7705-223535,
Email-npkurud@yahoo.in, kurudnp@gmail.com

क्रमांक /2497/ लो.नि.वि./ नि.आ.सू./2024-25 कुरूद, दिनांक 05/08/2024

**मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत कुरूद क्षेत्रांतर्गत 15वें वित्त आयोग (टाईड एवं अनटाईड ग्राण्ट) विभिन्न सी.सी. रोड एवं पाईप लाईन ज्वाइंटिंग एवं विस्तार कार्यो (कुल कार्य-07, कुल राशि 39.80 लाख रू.) हेतु छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 13.08.2024 समय सायं 5.30 बजे तक निर्धारित है। उपरोक्त निविदा की नियम एवं शर्ते, अमानत राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क, निर्धारित समयावधि एवं निविदा संबंधित दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कुरूद
जिला-धमतरी (छ.ग.)

